Weather Report
अधिकतम तापमानः 32.0c
न्यूनतम तापमानः 21.0c
हवा गतिः 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबहः 6.06

दैनिक sanjeevnitoday.com

# संजीवनी टुडे

समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्षः 11 अंकः 23 जयपुर, गुरुवार, 27 जून 2024 पृष्ठः8 मूल्यः '1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश मात्र 1100/- में साइज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बने

## पहले भाषण में इमरजेंसी का जिक्र किया, राहुल बोले- आशा है, विपक्ष की आवाज नहीं दबेगी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के स्पीकर चुने गए। बुधवार, 26 जून को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रोटेम स्पीकर भतृर्हरि महताब ने स्पीकर के चुनाव की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत गक्ष के नेताओं ने समर्थन किया। सदन में ध्वनिमत से बिरला के नाम का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद घ्ख्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी उन्हें चेयर तक छोड़ने आए। इससे पहले शिवसेना (यूटीबी) सांसद अरविंद सावंत ने कांग्रेस सांसद के. सुरेश को लोकसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा। सदन की कार्यवाही ढाई घंटे (सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक) चली। बिरला भाजपा के पहले ऐसे सांसद हैं, जो लगातार दूसरी बार स्पीकर बने। वे राजस्थान के कोटा से तीसरी बार जीत कर आए हैं। खास बात यह है कि देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ भी राजस्थान से आते हैं। स्पीकर ने आपातकाल की निंदा की, पक्ष-विपक्ष ने नारेबाजी कीः ओम बिरला ने कहा- यह सदन 1975 में आपातकाल लगाने की निंदा करता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर अंबेडकर के संविधान का अपमान किया था। इंदिरा गांधी ने भारत पर तानाशाही थोपकर लोकतंत्र का अपमान किया गया।



### बिरला ने पहले भाषण में आपातकाल को काला धब्बा बताया

बिरला ने पहले भाषण में आपातकाल को काला धब्बा बताया। 2 मिनट का मौन रखवाया। सत्ता पक्ष ने मौन रखा, लेकिन विपक्ष ने हंगामा किया और कहा- स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं। सत्र 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण तक स्थगित कर दिया गया। अभिव्यक्ति की आजादी छीनी गई। मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी गई थी। कई नेताओं को मीसा के तहत बंद किया। इमरजेंसी के दौरान जान गंवाने वालों की याद में मौनः स्पीकर ओम बिरला इमरजेंसी के दौरान जान गंवाने वालों की याद में दो मिनट का मौन रखने को कहा। सत्ता पक्ष के सांसदों ने मौन रखा, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के सांसद हंगामा करते रहे। कांग्रेस सांसदों का आरोप था कि स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं। मौन के बाद स्पीकर ने गुरुवार तक के लिए संसद को स्थगित कर दिया। पीएम ने शिक्षा मंत्री का नाम लिया तो विपक्ष ने नारे लगाएः मंत्रिमंडल के परिचय के दौरान जैसे ही पीएम मोदी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम लिया, विपक्ष के सांसदों ने शेम-शेम के नारे लगाए। इससे पहले सोमवार को जब प्रधान सांसद पद की शपथ लेने गए थे।

### पीएम ने कहा- आपका अनुभव काम आएगा

बिरला के स्पीकर बनने पर पीएम ने कहा- आपके पांच साल का अनुभव से आप आने वाले पांच साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। शास्त्रों में कहा गया है कि विनम्र और व्यवहार कुशल व्यक्ति सफल होता है। आपको उसके साथ मीठी-मीठी मुस्कान भी मिली है। राहुल गांधी ने कहा- मुझे विश्वास है कि आप विपक्ष की आवाज दबने नहीं देंगे। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा- उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज नहीं दबाई जाएगी। न ही निष्कासन जैसी कार्रवाई की जाएगी। आपका अंकुश विपक्ष पर तो रहता है, सत्ता पर भी रहे। आपके इशारे पर सदन चलता है, इसका उल्टा न हो। स्पीकर चुने जाने के बाद पीएम मोदी ओम बिरला को बधाई देने पहुंचे। उनके साथ राहुल गांधी भी पहुंचे। राहुल ने बिरला को बधाई दी, उसके बाद पीएम से भी हाथ मिलाया। तब भी विपक्ष के सांसदों ने नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाए थे। विपक्ष के हंगामे के कारण स्पीकर ने अपना भाषण रोकाः स्पीकर ओम बिरला अपना भाषण देने के लिए उठे। उन्होंने कहा- मुझे इस महान सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में चुना गया। इसी दौरान विपक्ष के कई सांसद अपनी बात रखने के लिए हंगामा करने लगे। इस पर ओम बिरला ने कहा- जब स्पीकर सीट से खड़ा हो जाता है। तब सदस्यों को बैठ जाना चाहिए। ये मैं पहली बार कह रहा हूं, यह दोबारा नहीं कहना पड़े। सभी सदस्य 1-1 मिनट से ज्यादा न बोलें। एनसीपी सांसद सुप्रिया सूले ने कहा, 'कोविड में आपने जो काम किया।

### राहुल गांधी को सुल्तानपुर कोर्ट में पेश होने का आदेश

## मानहानि केस में 2 जुलाई को बुलाया, अमित शाह को हत्या का आरोपी कहा था

■ संजीवनी टुडे

सुलतानपुर। सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अमित शाह हेट स्पीच केस में 2 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान जज ने राहुल के वकील से पूछा कि वह कहां हैं? वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि लोकसभा में स्पीकर पद का चुनाव है। इसलिए वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने राहुल को 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया है। 8 मई 2018 को बेंगलुरु में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह को हत्या का आरोपी कहा था। इसी के खिलाफ सुल्तानपुर के भाजपा नेता ने मानहानि का केस दर्ज कराया था। इससे पहले इसी साल राहुल गांधी 20 फरवरी को कोर्ट में पेश हुए थे। केस 5 साल से चल रहा है। दिसंबर 2023 में एमपी/एमएलए कोर्ट के तत्कालीन जज ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल ने 20 फरवरी 2024 को सुल्तानपुर कोर्ट पहुंचकर सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो बॉन्ड पर जमानत दी थी। इसके बाद पहली तारीख 2 मार्च को लगी थी। इसके बाद 13 मार्च, 22 मार्च, 2 अप्रैल, 12 अप्रैल, 22 अप्रैल, 2 मई, 14 मई, 27 मई, 7 जून, 18 जून



और 26 जून। लेकिन राहुल नहीं पहुंचे। उनकी ओर से उनके वकील काशी शुक्ला हाजिरी माफी की अर्जी दे रहे हैं। कोर्ट में राहुल के बयान दर्ज होने हैं। राहुल ने कहा था- भाजपा का अध्यक्ष हत्या का आरोपी है सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने आरोप लगाया था कि 8 मई 2018 को बेंगलुरु में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने कहा था- ''अमित शाह हत्या के आरोपी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जज लोया मामले में इसका उल्लेख किया। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अमित शाह की कोई विश्वसनीयता है। जो पार्टी ईमानदारी और शुचिता की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है।'' बता दें कि जस्टिस लोया के बेटे ने अपने पिता की मौत को नेचुरल बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे सामान्य मौत बताते हुए मामले की एसआईटी जांच से जुड़ी याचिका खारिज कर दी थी।

### कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम की मांग

## फिलहाल डीके शिवकुमार इस पद पर हैं; सीएम सिद्धारमैया बोले- हाईकमान का फैसला अंतिम

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने की मांग उठ रही है। कर्नाटक के कुछ मंत्री वीराशैवा-लिंगायत, एसटी/एसटी और माइनॉरिटी कम्युनिटी के नेताओं को डिप्टी सीएम दिए जाने की पैरवी कर रहे हैं। इसे लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि इस मामले में कांग्रेस हाईकमान का फैसला फाइनल होगा। फिलहाल कर्नाटक में डिप्टी सीएम के पद पर वोक्कालिगा समुदाय के डीके शिवकुमार हैं। को-ऑपरेशन मिनिस्टर केएन राजन्ना, हाउसिंग मिनिस्टर बीजेड जमीर अहमद खान, पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर सतीश जारकीहोली समेत कई अन्य नेताओं ने इस हफ्ते राज्य में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने का मामला उठाया। ये सभी नेता सिद्धारमैया के करीबी माने जाते हैं। राज्य में कांग्रेस के एक धड़े का मानना है कि मंत्रियों का तीन नए डिप्टी सीएम की मांग करना सिद्धारमैया कैंप के प्लान का हिस्सा है, ताकि मौजूदा डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को काबू में रखा जा सके और सरकार और पार्टी में उनके प्रभाव को कम किया जा सके। दरअसल पिछले साल मई में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के समय से ऐसी चर्चाएं हैं कि सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद शिवकुमार सीएम पर दावेदारी कर सकते हैं। मई में विधानसभा



चुनाव में कांग्रेस के जीतने के बाद सीएम पद के लिए सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार- दोनों ने दावेदारी पेश की थी। कांग्रेस ने सिद्धारमैया को सीएम पद देते हुए तय किया था कि डीके शिवकुमार राज्य के इकलौते डिप्टी सीएम रहेंगे। यह सीएम पद की दावेदारी छोड़ने और डिप्टी सीएम बनने के लिए डीके शिवकुमार के प्रति कांग्रेस लीडरशिप का कमिटमेंट था। हमारे संविधान में डिप्टी एख्र जैसी किसी पोस्ट की व्यवस्था नहीं है। वह शपथ भी राज्य के मंत्री के रूप में लेता है। संविधान का अनुच्छेद-164 एख्र और उनके मंत्रियों की नियुक्ति की बात करता है, लेकिन उसमें डिप्टी एख्र जैसे पद का जिक्र नहीं है। कोई डिप्टी एख्र कितना ताकतवर होगा, यह उसे दिए गए विभागों से तय होता है।

### शिवकुमार बोले- लोगों की डिमांड का जवाब पार्टी नेतृत्व देगा

इन मांगों को लेकर मंगलवार को शिवकुमार ने मीडिया से कहा कि कोई कुछ भी बोलता है तो आप मीडिया में ले आते हैं। अगर लोग मीडिया में आकर खुश हो रहे हैं, तो मैं उन्हें मना क्यों करूं। जिसे जो डिमांड करनी है, करता रहे। पार्टी उन्हें अपने हिसाब से जवाब देगी। राज्य में और डिप्टी सीएम बनाने जाने का प्लान है या नहीं, इस सवाल के जवाब में शिवकुमार ने कहा कि आप कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और इन-चार्ज जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल से मिलिए।

### पायलट बोले- नीट गड़बड़ी पर लीपापोती कर रही सरकारः कहा

## राजस्थान सरकार बिजली, पानी देने में नाकाम, केंद्र ने हर एजेंसी का दुरुपयोग किया

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने नीट परीक्षा और एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सचिन पायलट ने कहा कि नीट धांधली देश का सबसे बड़ा मुद्दा है। नीट पेपर लीक औ परीक्षा विवादित होने के कारण लाखों करोड़ों नौजवानों को सदमा लगा है।परीक्षा की प्रणाली पर नौजवानों में जो विश्वास है उस पर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है। केंद्र सरकार ने जिस तरह से शुरू में अड़ियल रवैया अपनाया था ,उन्हें अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी, लेकिन अभी तक जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। जिस तरह से लीपा पोती कर बचाव करने का काम हो रहा यह शोभा नहीं देता है। पायलट बुधवार को जयपुर में सरकारी बंगले पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पायलट ने कहा- नीट और बाकी परीक्षाओं को जो कैंसिल किया गया है यह प्रतीक है कि यह सिस्टमैटिक फ़ेलियर है। 10 साल से सरकार सत्ता में रही भाषण दिए युवाओं के नाम पर वोट भी लिया,परीक्षा पर चर्चा ,चाय पर चर्चा चलाई लेकिन युवाओं का जो विश्वा डगमगाया है,उसको बनाए रखना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। पायलट ने भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा सरकार मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पा रही हैं।



### लोगों में भ्रम फैल रहे है, हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं

पायलट ने कहा- लगातार लोगों में भ्रम फैल रहा है कि हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है। आजाद भारत के इतिहास में आज से ज्यादा शिक्षित बेरोजगारी है इसका समाधान ढूंढने के लिए सरकार को काम करना चाहिए। यह सरकार वो है जो चुनाव जीतने से पहले ,काम करने से पहले 100 दिन की कार्य योजना बना रही थी और ओवर कॉन्फिडेंस में काम कर रहे थे। लेकिन, सबसे महत्वपूर्ण नौजवान हैं उन्हें लेकर सरकार को पूरी कार्रवाई करनी चाहिए, जो लोग जिम्मेदार हैं उनका बचाव नहीं होना चाहिए। सरकार को पूरी कार्रवाई करने के साथ जनता को भी बताना चाहिए कि यह सरकार से लेप्स हुआ है। पायलट बोले- राजस्थान के जो हाल बने हुए हैं वो ठीक नहीं है। बिजली पानी के जो हालात हमें दिखते हैं, मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने में सरकार नाकामयाब है। उपचुनाव मजबूती से लड़ेंगे । कोटा में जिस तरह कार्रवाई हुई है, कांग्रेस ने अनुमति लेने के बाद अपना आंदोलन किया, बिजली पानी के लिए आंदोलन था, बजाय इसके की जनता को राहत दें बल्कि नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष पर कार्रवाई करना यह गलत है। हमने जो बात रखी उसे पर संज्ञान लेकर सरकार को सुविधा देने का काम करना चाहिए। बिजली पानी की सुविधा देने की जगह सरकार विपक्षियों पर कार्रवाई करें।

## जयपुर पुलिस ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ट्रेविस हेड को बताया अपराधी



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। टी-20 वर्ल्ड कप में 24 जून को हुए मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। भारतीय टीम की जीत के बाद जयपुर पुलिस ने एक पोस्ट की, जिस पर विवाद बढ़ गया है। जयपुर पुलिस ने अपनी पोस्ट में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ट्रेविस हेड को एक अपराधी की तरह बताया। जबकि टीम के इंडिया के खिलाड़ियों की पुलिस वर्दी में फोटो शेयर करते हुए लिखा- 19 नवंबर से तलाश रहे थे। अब जा के पकड़ में आया। अपनी पोस्ट को लेकर जयपुर पुलिस ट्रोल होने लगी तो दो घंटे में ही इसे हटा दिया गया। मामले में एडिशनल कमिश्नर कैलाश विश्नोई से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि इस मामले को दिखवा रहे हैं। दरअसल, 19 नवंबर को 2023 को वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हरा दिया था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के? ओपनर बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने सेंचुरी मारकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। वनडे वर्ल्ड कप के मैच के बाद 24 जून को टी-20 वर्ल्ड कप के मुकाबले में एक बार फिर टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया आमने सामने थी। इस मैच में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर जीत हासिल की और ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। भारतीय टीम की जीत के बाद जयपुर पुलिस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर की थी, जिसमें ट्रेविस हेड को अपराधी की तरह दिखाया। जयपुर पुलिस ने अपनी पोस्ट में टीम इं?डिया के खिलाड़ियों रोहित शर्मा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत और विराट कोहली को पुलिस की वर्दी में दिखाया। इस फोटो में ट्रेविस हेड अपराधियों की तरह नीचे बैठे हैं। इस पोस्ट पर जयपुर पुलिस ने कैप्शन लिखा- किसी दिन ये तमाशा मुस्कुराकर हम भी देखेंगे। पोस्ट के फोटो पर लिखा है- 19 नवंबर से तलाश रहे थे।

### केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई रिमांड

## रोजाना 30-30 मिनट पत्नी और वकील से मिल सकेंगे, दवाएं रखने और घर के खाने की इजाजत

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआई कस्टडी में भेज दिया है। कोर्ट ने उन्हें इजाजत दी है कि वे रोजाना अपनी पत्नी से और तीस मिनट अपने वकील से मिल सकेंगे। इसके साथ उन्हें अपनी दवाएं रख सकेंगे और उनके लिए घर का खाना आ सकेगा। बुधवार सुबह सीबीआई ने शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश कर 5 दिन की कस्टडी मांगी। कोर्ट ने करीब 4 घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। शाम 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाया। अगली सुनवाई 29 जून को होगी। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मीडिया में खबर चलाई जा रही है कि मैंने सिसोदिया पर शराब नीति के आरोप लगाए हैं। यह गलत है। मैंने कहा था कि कोई दोषी नहीं हैं। सिसोदिया भी दोषी नहीं हैं। इस पर सीबीआई के वकील ने कहा मीडिया में जो चल रहा है वह सब सही है। सब फैक्ट्स पर आधारित है। इससे पहले सुनवाई के दौरान ही कोर्ट रूम में केजरीवाल की तबीयत बिगड़ गई थी। उनका शुगर लेवल गिरने के कारण कुछ देर के लिए उन्हें अलग रूम में शिफ्ट किया गया।

### केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका लगाएंगे

नए मामले में गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका वापस ले ली है। लोअर कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में 20 जून को उन्हें जमानत दे दी थी। क्क इसके खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची। 25 जून को हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट का फैसला पलट दिया। इसके खिलाफ केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू होने पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल



को एउक्रने गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 25 जून को लोअर कोर्ट के जमानत देने के आदेश को पलट दिया है। अब हम हाईकोर्ट के 25 जून के ऑर्डर के खिलाफ नई याचिका लगाएंगे। इसलिए मौजूदा याचिका को अब वापस लाना चाहते हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने क्कके वकील एसवी राजू की सहमति के बाद याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी। हालांकि बाद में वे कोर्ट रूम में वापस लौट आए। सीबीआई ने 25 जून को रात 9 बजे तिहाड़ जाकर शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर केजरीवाल से पूछताछ की थी। इससे पहले, शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। वे 10 मई से 2 जून यानी 21 दिन के लिए पैरोल पर थे। केजरीवाल की गिरफ्तारी सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट में ही की। कोर्ट में केजरीवाल की तरफ से वकील विवेक जैन और विक्रम चौधरी पेश हुए। वहीं सीबीआई की तरफ से वकील डीपी सिंह ने दलीले दीं। दोनों पक्षों की दलीलें वेकेशन बेंच के जस्टिस अमिताभ रावत ने सुनी। हमें केजरीवाल की 5 दिन की कस्टडी चाहिए।

### हरियाणा में रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की हत्या

## जमीन का कब्जा लेने गए थे, भीड़ ने लाठी-ईंटों से पीट-पीटकर मार डाला, गाड़ियां तोड़ी, फायरिंग भी की

■ संजीवनी टुडे

फतेहाबाद। हरियाणा के फतेहाबाद में आज जमीनी विवाद के चलते सिरसा निवासी एक रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है उस पर लाठियों और ईंटों से हमला किया गया, जिससे वह मर गया। हमले में दर्जन भर लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें टोहाना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान रिटायर्ड पुलिस सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है विवाद के बीच फायरिंग भी हुई। उसके बाद वहां खड़ी 3 गाड़ियों को तोड़ कर पलट दिया गया। सूचना मिलने के बाद टोहाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार सिरसा निवासी रोशनी देवी और उनकी बहन कलावती का पिरथला में अपने दिवंगत भाई और ताऊ के परिवार के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसे लेकर बीते दिनों रोशनी देवी ने फतेहाबाद ट्ट्फको लिखित में शिकायत भी दी थी। शिकायत में रोशनी देवी पत्नी रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ने बताया था कि उनके पिता मनफूल की 20 साल पहले मृत्यु हो गई। उनके दोनों भाई भी 7 साल पहले चल बसे थे। उनके पिता मनफूल, ताऊ पतराम और मलू राम की साझे में जमीन थी। तीनों की मौत के बाद 137 कनाल 4 मरले जमीन पर तीनों के वारिस काबिज हो गए। अपने पिता के हिस्से की जमीन पर वह, उनकी बहन राजस्थान के झांसल निवासी कलावती और उनके भाइयों की पत्नियां, बेटियां व बेटे आदि काबिज थे। इस पर 2020 में उन्होंने तकसीम करवाने के लिए तहसील कार्यालय टोहाना में प्रार्थना पत्र दिया तो उस पर उनके भाइयों के वारिस कोर्ट में नहीं आए। इस पर उनके प्रार्थना पत्र के अनुसार तकसीम कर दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार अब 34 कनाल 11 मरले जमीन उनकी और उनकी बहन कलावती के हिस्से में आती है। उन्होंने बताया कि अब उसके दिवंगत भाई नरसी की पत्नी और पुत्र उनके ताऊ के वारिसों के साथ मिलकर उनकी जमीन से फसल काटने पर रोकते हैं।

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में तीन आतंकी ढेर, एनकाउंटर जारी

## एक जवान घायल, 11-12 जून को हुए दो हमलों के बाद से जारी है सर्च ऑपरेशन

■ संजीवनी टुडे

डोडा। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में बुधवार (26 जून) को सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। सुबह 2-3 आतंकियों के इलाके में छिपे होने की सूचना के बाद पुलिस और सेना ने सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया था, जिसके बाद सुबह 9.50 बजे एनकाउंटर शुरू हुआ। इस एनकाउंटर में जम्मू-कश्मीर पुलिस में तैनात स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का जवान भी घायल हुआ है। आशिक हुसैन नाम के इस जवान को डोडा के सरकारी मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां डॉक्टरों ने बताया है कि उनके दाहिने पैर में गोली लगी है। अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 जून को डोडा में दोहरा आतंकवादी हमला हुआ था। इसके बाद से सेना, एटघ्क्कऔर जम्मू-कश्मीर पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। आज सुबह 2-3 आतंकियों के सिनू पंचायत के गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसी दौरान ढोक (मिट्टी से बना घर) से आतंकियों ने टीम पर गोलीबारी की। इलाके में अब भी सर्च ऑपरेशज जारी है। पूरे इलाके पर ड्रोन और हेलीकॉप्टर के जरिए नजर रखी जा रही है।

### उरी में 22 जून को 2 आतंकी मारे गए थे



जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में 22 जून को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया था। घटना गोहलन इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक समूह को उरी के गोहलन इलाके में घुसपैठ करते हुए देखा। सुरक्षाबलों ने उन्हें रुकने को कहा और उनकी घुसपैठ को नाकाम किया। इससे पहले 19 जून को जम्मू-कश्मीर के बारामूला के हादीपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें दो आतंकी मारे गए, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए थे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि राजौरी जिले के चिंगस इलाके के पिंड गांव से मंगलवार शाम चीनी ग्रेनेड बरामद किया गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस में तैनात स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप के जवान आशिक हुसैन के पैर में गोली लगी है। एनकाउंटर में मारे गए एक आतंकी का शव सुरक्षाबलों ने बरामद कर लिया है। ड्रोन के जरिए आतंकियों पर नजर रखी जा रही है।

## खबरें फटाफट

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया




संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां उपखंड क्षेत्र में बुधवार को नशीली दावाओ के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस संचित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र नेशनल हाईवे दादनपुरा केंद्र में हर साल की तरह नशा निषेध दिवस मनाया गया और इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को नशे की लत से होने वाले खतरों के बारे में बताया गया है। और वही साथ ही अवैध दवा व्यापारी के जोखिमों के बारे में जागरूक किया गया है। और आजकल के लोग शराब ,ड्रग्स, स्मेक, गांजा और हेरोइन जैसे कई तरह के नशे कर रहे हैं। नशीली चीज और पदार्थों के निवारण के लिए अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है और इस दिवस का उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। वही सभी लोगों ने केंद्र पर नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई है। वही कार्यक्रम के दौरान मंच पर मुख्य अतिथि केंद्र के संचालक सक्षिक भार्गव, प्रभारी आनंद व्यास, सुमन शर्मा, गौरव भिडा, अभिषेक मीणा सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम के दौरान साथ में मौजूद रहे हैं।

### श्री जगन्नाथ मंदिर मेले की व्यवस्था को लेकर आयोजित हुई बैठक



संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। बुधवार को नगरपालिका कार्यालय में श्री जगन्नाथ मेला कमेटी व नगर पालिका प्रशासन की बैठक उपखंड अधिकारी सीमा खेतान की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। बैठक में उपखंड अधिकारी सीमा खेतान ने नगर पालिका प्रशासन को जगन्नाथ मेरे के दौरान होने वाली व्यवस्था को सुचारू रूप से करने के दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही श्री जगन्नाथ मंदिर की दीवार को किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं करने के आदेश दिये। उन्होंने दुकानों का आवंटन सड़क से 20 फुट छोड़कर करने, जलदाय विभाग को पानी की व्यवस्था करने, बड़े झूलों को नगरपालिका गार्डन में लगाने, छोटे झूलों को मंदिर परिसर के बाहर लगाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्ण दास, मेला कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद तिवारी, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी सुमेर सिंह मीना, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, एडवोकेट विश्वास मित्तल, एडवोकेट राजेंद्र चेयरवाल, हरिओम गुप्ता, सीटू शर्मा, बलराम शर्मा, ऋषभ नाट्या, रुपनारायण मीना, बेनी प्रसाद सैनी आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात चोर घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ले गया

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के मानसरोवर कॉलोनी से अज्ञात चोर घर के बाहर से बाइक चोरी करके ले गये। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ तहसील के मौजपुर निवासी तेज सिंह बैरवा ने मामला दर्ज करवाया कि उन्होंने मोटरसाइकिल डीलक्स अपनी पुत्री के विवाह में दी थी। 24 जून को दोपहर को उनका दामाद राजपुर छोटा पाटन का बास निवासी जोनी कुमार बैरवा बाईक को लेकर अपनी रिश्तेदारी में राजगढ़ कस्बे के मानसरोवर कॉलोनी में गया हुआ था। जिन्होंने बाईक को घर के बाहर खड़ा किया हुआ था। जब घर से बाहर आया तो बाइक वहां खड़ी नहीं मिली। बाइक को तलाश किया लेकिन नहीं मिली। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मनरेगा कार्यक्रम पर लोगों को बैंक संबंधी योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता की दी जानकारी




संजीवनी टुडे

रैणी(अलवर)। भारतीय रिजर्व बैंक एवं कृसिल फाउंडेशन ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रगति प्रोग्राम के तत्वाधान में मनी वाइज सीएफएल प्रोग्राम से रैनी ब्लॉक से फील्ड ऑफिसर मानसिंह कोली व कमला बाई द्वारा मनरेगा कार्यक्रम पर जाकर सभी ग्रामीण लोगों को सरकारी बैंकिंग योजनाओं जैसे अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना ,छोटी छोटी बचत करना एवं पैसा का सही जगह पर निवेश करना एवं डिजिटल लेनदेन सुविधा ,फ्रॉड कार्यों से बचाना एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस शिविर में नरेगा मेठ बलराम मीना, किसिल सखी रजनी मीना एंव वार्ड मेंबर सहीत लगभग 80 ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# पुलिस कस्टडी में युवक की तबीयत बिगड़ने का मामला: शिवदासपुरा थाना अधिकारी रणजीत सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज

संजीवनी टुडे

### क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा पहुंचे महात्मा गांधी अस्पताल



चाकसू। यहां बुधवार को शिवदासपुरा थाना पुलिस कस्टडी में एक युवक की तबीयत बिगड़ने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वही मामले से गुस्साए परिजन और ग्रामीण अस्पताल के बाहर पहुंचकर विरोध जताया गया और उन्होंने मामले को लेकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई और मामले में थाना अधिकारी सहित अन्य पुलिस्कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।और मामले की जानकारी लगने पर चाकसू विधायक रामवतार बैरवा भी महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे और विधायक ने आईसीयू में भर्ती कैलाश से मिले और कुशलक्षेम पूछे और विधायक ने चिकित्सकों को युवक के उपचार में कोताही नहीं बरतने की बात कही और इसके बाद विधायक बैरवा ने कैलाश के परिजन और ग्रामीणों से भी मिले और उन्होंने कहा कि मामले में उचित कार्रवाई के लिए जांच करवाई जायेगी और मामले में दोषी पाए जाने पर जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी वही टोल प्लाजा के सीसी टीवी केमरो की फुटेज खंगाले जायेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाया जायेगा और इधर, परिजनों ने थाना अधिकारी रणजीत सिंह समेत अन्य पुलिस्कर्मियों के खिलाफ लापरवाही बरतने और कैलाश के साथ मारपीट का मामला दर्ज करवाया गया है। वही मामले की जांच मानसरोवर एसीपी संजय कुमार शर्मा को सौंपी गई है। बता दे कि शिवदासपुरा पुलिस ने बीती रात शिवदासपुरा बरखेड़ा टोल प्लाजा के पास कैलाश चंद को धारा 185 में गिरफ्तार किया था जबकि वीरेंद्र और अमन को भी पकड़ा था। सुबह कैलाश के सीने में दर्द हो गया और उसकी तबीयत बिगड़ गई और आनन फानन में पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन परिजनों को बाद में सूचना दी गई और गंभीर हालत होने पर कैलाश को आईसीयू में भर्ती किया गया और हार्ट बीट असामान्य होने पर 2 स्टेंट भी डाले गए और सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर कैलाश से मारपीट करने का आरोप लगाया और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई और वहीं अस्पताल परिसर में सैकड़ो की संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे थे वहीं एसीपी सुरेंद्र कुमार सहित सर्कल के सभी थानो के अधिकारी भी साथ मे मौजूद रहे थे।

## ओम बिरला का पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनना संसदीय परंपरा में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा: अशोक गुप्ता

संजीवनी टुडे

अलवर। सांसद ओम बिरला के पुनः लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में आतिशबाजी की गई एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर



जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि ओम बिरला का पुनः लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर संसदीय परंपरा में एक नया कीर्तिमान स्थापित करें करेगा एवं लोकतंत्र में नवीन अध्याय की शुरुआत करेगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री गोवर्धन सिंह सिसोदिया, राम अवतार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष देशराज वर्मा , जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन,जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, किसान मोर्चा जिला संयोजक जितेंद्र राठौर, मंडल अध्यक्ष डॉ रवि यादव, सुनील चौधरी, सुनील यादव ,रवि राज सिंह चौहान, पंकज सिंह, भूपेंद्र राजपूत ,विजय सिंह राजपूत, भूपेंद्र सिंह, सुभाष अग्रवाल, अशोक गोयल सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## टोंक शहर में नालों एवं सीवरेज की सफाई कार्य युद्ध स्तर पर जारी

संजीवनी टुडे




टोंक। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने विगत शुक्रवार को टोंक शहर की सफाई व्यवस्था एवं छोटे-बड़ें बरसाती नालों में पानी की निकासी को लेकर निरीक्षण किया था तथा नगर परिषद आयुक्त को नालों एवं सीवरेज चैंबर्स की साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिए थे। इसी के तहत नगर परिषद क्षेत्र में नालों एवं सीवरेज की सफाई को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो। हालांकि पूर्व में भी छोटे-बड़े नालों की साफ-सफाई की गई थी। नगर परिषद आयुक्त ममता नागर ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर टोंक शहर के रेडिवास नाला से राजीव गांधी कॉलेज तक, राजीव गांधी कॉलेज से चिड़ी की बाड़ी तक नाला को साफ करवाया जा रहा है। उक्त मार्ग पर नियमित रूप से चार जेसीबी मशीन व नाला टीम द्वारा सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, स्वास्थ्य निरीक्षक की उपस्थिति में मॉनिटरिंग की जा रही है। खादी भंडार के पास, पांच बत्ती पर जिन मकान पर पक्का निर्माण करवा लिया गया है। उनको हटाकर तलछट नालों की सफाई करवायी जा रही है। आगामी सप्ताह में धन्ना तलाई व धन्ना तलाई से रेडिवास की ओर जा रहे नालों की सफाई करवायी जावेगी। नाला सफाई के दौरान नगर परिषद ने आमजन से अपील की है कि नाले पर पक्के निर्माण को स्वयं हटा ले ताकि नाले की तलछट सफाई करवाई जा सके।

### भारत विकास परिषद् द्वारा सेवा एवं पर्यावरण पखवाडे की शुरू-आज

संजीवनी टुडे

पिण्डवाड़ा/सिरोही। । भारत विकास परिषद पुरे देश में 27 जून से 10 जुलाई तक सेवा एवं पर्यावरण पखवाड़ा आयोजित करेगा। सिरोही जिला समन्वयक डॉ. सी. राम ने बताया कि इस अवधि में भारत विकास परिषद् की समस्त शाखाएं व्यापक एवं प्रभावी ढंग से विभिन्न सेवा एवं पर्यावरण वर्कसों का आयोजन करेगी। 27 जून को परिषद् के संस्था क डॉ. सूरज प्रकाश जी की जयंती है तथा 10 जुलाई को परिषद् का 62 वां स्थापना दिवस है। इस अवधि में सेवा बस्तियों में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा स्वावलंबन के कार्यो को प्राथमिकता से किया जायेगा। एनीमिया मुक्त भारत के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के हिमोग्लोबिन की जांच व उ चार किया जायेगा।परिषद् द्वारा संचालित स्थाई सेवा प्रकल्प में विशेष चिकित्सा जांच शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए औषधीय एवं छायादार पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त भारत तथा जल संरक्षण हेतु जनजागृति अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठियों का भी आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष उपरान्त द्वारा 51000 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पखवाड़े के सफल व प्रभावी संचालन हेतु प्रान्त की समस्त शाखाओं द्वारा व्यापक तैयारी की गई है।

## मुख्यमंत्री की टोंक यात्रा को लेकर जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

संजीवनी टुडे

### अधिकारियों की ली बैठक



टोंक। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार, 30 जून को कृषि उपज मंडी टोंक में 65 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की बढ़ी हुई राशि उनके खातों में हस्तांतरण करेंगे। टोंक में प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही, यात्रा की आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पुलिस विभाग को यात्रा की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था व पार्किंग, सार्वजनिक निर्माण को हैलीपेड, सेफ हाउस, सुगम सड़क मार्ग, नगर परिषद को अग्निशमन, सफाई, मोबाइल शौचालय, चिकित्सा विभाग को एंबुलेंस एवं मेडिकल स्टॉफ की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, विद्युत विभाग को कार्यक्रम स्थल पर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने के लिए कहा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी, एएसपी सरिता सिंह, सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कृषि उपज मंडी समिति का निरीक्षण कर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इससे पूर्व जिला कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल पर जाकर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने वीआईपी एवं आमजन के प्रवेश, पार्किंग, सेफ हाउस, डोम, स्टेज एवं हेलीपेड आदि का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारी की जानकारी लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के इस्तीफा के लिए मुख्यमंत्री के नाम सोपा ज्ञापन



संजीवनी टुडे

राजगढ़। बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम उप-खण्ड अधिकारी सीमा खेतान को राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा संस्थान द्वारा मदन दिलावर, शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार को पद से हटा कर उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाने की मांग की गई। जिला पार्षद गोकुल भाई मीणा ने बताया कि मदन दिलावर द्वारा दिये गये बयान ''आदिवासियों का बाप कौन है इसके लिए उनका डी एन ए जाँच करायेगे'' के बयान के संदर्भ में मदन दिलावर, शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार ने 21 जून 2024 को जयपुर में, आदिवासी पार्टी के नेताओं द्वारा अपने को हिन्दू न मानने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक बयान में कहा है कि यदि आदिवासी समुदाय अपने को हिन्दू नहीं मानता है तो उनके बाप का पता लगाने के लिए उनका डी एन ए टेस्ट कराना आवश्यक है। उनका यह बयान बहुत आपत्तिजनक, अपमानजनक एवं सम्पूर्ण राष्ट्र के आदिवासी समुदाय को आहत करने वाला है। दूसरे बयान के 22जून 2024 को अखबारों में छपने के बाद राजस्थान के आदिवासी समुदाय में रोष व्याप्त हो गया और जगह -जगह इनके खिलाफ प्रदर्शन हुए है और उनके पुतले जलाये गये है। इस आन्दोलन के पूरे देश में फैलने की पूर्ण सम्भावना है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष रामकिशन मीणा ,गोकुल डाबला जिला पार्षद , महिला जिला अध्यक्ष सरोज मीणा सरपंच पाटन, कन्हैया लाल सैनी संयोजक मूल भारती एकता मंच ,भागचन्द बाबूजी कुण्डरोली, लल्लूराम कलेशान ,रामखिलाडी मैनेजर अलेई, नन्द लाल बैरवा, एन एल वर्मा पंस सदस्य ,सुखराम मीना ,लालचन्द सुबेदार , पी.डी मीना, बनाराम मीना, डीसी मीणा, देवी सहाय, सुन्दरलाल, भरत लाल एडवोकेट आदि सहित सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण की जागरुकता हेतू पुनीत कार्यो की मुहिम से जुडना भी मानव जीवन का सबसे बडा पुण्य कार्य है: कलेक्टर शुभम चौधरी

संजीवनी टुडे




पिण्डवाडा/सिरोही। भारतीय जैन संघटन के सूखा मुक्त राजस्थान अभियान के तहत विविध तालाबों का पुनर्जीवन किए जाने हेतू समा न कार्यक्रम एवं भामाशाह सम्मान कार्यक्रम उदयपुर रोड पर स्तिथ अग्रवाल धर्मशाला मे आयोजित किया। जानकारी अनुसार कई संस्थाएं और संगठन जल संरक्षण के लिए जागरुकता का काम कर रहे हैं, लेकिन सकल जैन समाज की एक संस्था ऐसी है जो जमीनी स्तर पर काम में लगी है। ये संस्था तालाबों को गहरा करवाकर बारिश का पानी जमा करने में अहम भूमिका निभा रही है। इस संस्था का नाम है भारतीय जैन संघटना ये संस्था सिरोही जिले में दो साल में अब तक 7 तालाबों को नया जीवन दे चुकी है। संस्था ने तालाबों को गहरा करवाया इससे इनकी भराव क्षमता बढ़ी है तथा आने वाले समय में निश्चित तौर इसका लाभ आस-पास के गांव के किसान कुओं मे जलस्तर में वृद्धि होगी। इन सभी सातों तालाब में से कुल 84 हजार 762 क्यूबिक मीटर मिट्टी (जमी हुई गाद) को मशीनों से खुदाई कर निकाला गया। ये मिट्टी मुफ्त में इलाके के किसानों को दे दी गयी। किसान अपने खर्चे पर तालाब से ये मिट्टी अनेकों खेतों तक ले गए। इससे उनके खेतों की उर्वरा शक्ति बेहतर होगी। वही इसी के तहत पिण्डवाडा शहर में पिछले कई दिनों से भारतीय जैन संघटना व वेप्स मंडल द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र मेवाडा के नेतृत्व तालाब को गहरा करवाने का कार्य शुरू किया गया था। मानसून आगमन के साथ ही इस कार्य के सम्मान अवसर पर उदयपुर रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथी जिला कलेक्टर श्रीमती डा.शुभम चौधरी जल के बिना जीवन जीना ही असंभव है, मानव सहित सकल जीवों की सेवार्थ में जल पुर्नभरण अभियान की महत्ति भूमिका रहेगी। ऐसे पुनीत कार्यो की मुहिम से जुड कर भागीदारी निभाना मानव जीवन का सबसे बडा पुण्य कार्य है, अतिरिक्त कलेक्टर मांउट आबू गौरव सालुंखे,पिण्डवाडा सहायक कलेक्टर रवि प्रकाश,विधायक समाराम गरासिया,,पालिकाध्यक्ष सुरेन्द्र मेवाडा ने भी संबोधित करते हुए जन कल्याणार्थ की इस मुहिम में हर आमजन से जुडने व सहयोग करने का आह्वान किया गया। संघटना के प्रदेश अध्यक्ष राज गोलछा सहित सिरोही जिले के बीजेएस पदाधिकारी अंकित शाह, विजय जैन,पिण्डवाडा वेप्स मंडल अध्यक्ष मनीष जैन व पिण्डवाडा जैन संघ अध्यक्ष महेश जैन की अगुवाई में संघटना द्वारा सामाजिक सरोकार के उदेश्यों की जानकारी के बाद उपरणा ओढाकर अतिथी सत्कार किया गया। साथ ही साथ इस मुहिम में सहभागी बनने वाले सरपंच हेमेन्द्रसिंह, योगेश सरपंच वीरवाडा,मांडवा सरपंच इंदिरा रावल,आमथला आदि जगहों के कर्मवीर सहयोगीयों का भी उपरणा व प्रशस्ति-पत्र से सम्मान किया गया। इनकी रही उपस्थित- भाजपा नगर अध्यक्ष सन्तोष गेहलोत,भाजपा नगर मंडल पुर्व अध्यक्ष महावीर यति, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक रावल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश रावल, कमलेश राजगुरू, अशोक मेवाडा, कमलेश गर्ग,पार्षद संजय गर्ग,पार्षद छगन टांक, जगदीश हिरागर,भूतपुर्व पालिकाध्यक्ष भंवर पटेल, गोगाजी ट्रस्ट अध्यक्ष धर्माराम पटेल, नारायण सोनी,तगाराम परमार,सुशील प्रजापत,बजरंगदल के महेश राजगुरू सहित सैकडो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नवाचार: शिक्षक संघ रेसटा का कैरियर गाइडेंस व मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षको का सम्मान समारोह 7 जुलाई को

### छुआ जिन्होंने सफलता का आसमान, रेसटा करेंगा उनका सम्मान

संजीवनी टुडे

जयपुर। शिक्षक संघ एलीमेन्ट्री सैकेण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा कॅरियर गाइडेंस व मेधावी विद्यार्थियों को विद्यार्थी गौरव सम्मान व शिक्षको को शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के बाद प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमे संघ की और से आगामी रणनीति तय करने के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने व राज्य भर के शिक्षको की मांगो पर विचार विमर्श किया जाएगा। समारोह का आयोजन 7 जुलाई को बीकानेर में किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी व जिला महामंत्री पवन शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में अतिथिगण के रूप में जेठानन्द व्यास,विधायक बीकानेर पश्चिम,किशन सहाय, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, जयपुर, अरविंद कुमार भट्ट,उपम हाप्रबंधक एसबीआई, नीरजकुमार,सहायक महाप्रबंधक एसबीआई, बीकानेर,अरविंद कुमार मीना, आईआरएस, सहायक निदेशक, आयकर,बीकानेर, भुपेन्द्र छीपा, आईआरएस सहायक आयुक्त,केन्द्र वस्तु एवं सेवाकर,बीकानेर,अशोक कुमार मीना,उप शासन सचिव,कृषि एवं पंचायत राज विभाग,जयपुर डॉ.दुलीचंद मीना,अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) बीकानेर, अशोक असीजा, आरएएस, आयुक्त, नगर निगम,बीकानेर,डॉ.इंद्रसिंह राजपुरोहित, प्राचार्य डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर, महेन्द्र मीना, मुख्य प्रबंधक एसबीआई पब्लिक पार्क,बीकानेर के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहरसिंह सलावद करेंगे व समारोह में कैरियर गाइडेंस के रूप समारोह में बलवान सिंह सैनी,क्षेत्रीय निदेशक,वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा, डॉ.राहुल गोठवाल, सहायक निदेशक,पेंशन विभाग, बीकानेर डॉ.रामगोपाल शर्मा,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बज्जू, बीकानेर, डॉ.वाईबी.माथुर, प्रवक्ता राजकीय पोलेटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर, डॉ.शमिंद्र सक्सेना,आचार्य, डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर, डॉ. प्रशांत बिस्सा,प्राचार्य नेहरू शारदा पीठ (एनएसपी) पीजी महाविद्यालय, बीकानेर, जेठमल सुथार, निदेशक सिंथेसिस, बीकानेर, डॉ.एलके. कपिल, सीएमओ, पीबीएम, बीकानेर,नवलसिंह मीना,प्रदेश महामंत्री,शिक्षक संघ रेसटा, नीतू जैन, अधिवक्ता,जिला एवं सत्र न्यायालय, बीकानेर, दिनेश शर्मा, चार्टर्ड एकाउटेट, बीकानेर मेधावी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

## कांग्रेस नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करने पर अलवर जिला कांग्रेस कमेटी ने किया प्रदर्शन

संजीवनी टुडे



अलवर। जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने योगेश मिश्रा जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार से सवाल तथा जनता के हितो के लिए संघर्ष करती रहेगी। इसी क्रम में नीट यूजी के पेपर लीक के अपराधियों की गिरफ्तारी, नीट का पेपर रद्द कर दुबारा नीट की परीक्षा करवाना, अलवर जिले की बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, अलवर जिले की पानी व बिजली की बिगड़ी हुई व्यवस्था में सुधार एवं अलवर शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कोटा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर शान्ति पूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने पर दर्ज झूंठे मुकदमे वापस लेने को लेकर मिनी सचिवालय में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की 7 दिन में सरकार द्वारा ज्ञापन की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, जिला पार्षदों, नगर पार्षदों, नगर परिषद एवम पालिकाओं के चेयरमैनों, पंचायत समिति के प्रधानों, पी सी सी, डी सी सी, बी सी सी और एमसीसी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेस जनों, कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ शान्ति पूर्ण तरीके से धरना एवम प्रदर्शन करेंगे तथा उसके बाद जिला मुख्यालय पर शान्ति पूर्ण धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जावेगा ।इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक दीपचंद खैरिया, विधायक कांति मीणा, विधायक ललित यादव, विधायक मांगीलाल मीणा, पूर्व विधायक राजेंद्र गन्डुरा, कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव, पीसीसी महासचिव अजीत यादव, अशोक सैनी, नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव, बलराम यादव, प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, योगेश मीणा, कमलेश सैनी, जीत कौर सांगवान, डॉ.पायल चौधरी, लीली यादव, पुष्पेन्द्र धाबाई, राजेंद्र पाल शर्मा, गिरीश डाटा, गफूर खान,जगदीश अवस्थी, शादी खान, चंद्रभान गुर्जर, इम्तियाज, उमरदीन खान, गब्बर मीणा, शिवचरण सैनी, , हीरेन्द्र शर्मा, जमशेद खान, प्रकाश गंगावत, साजिद खान, रमन सैनी, राजेश कृष्ण सिद्ध, रामप्रकाश शर्मा, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, सोनू गोपालिया, सूरजमल कर्दम, प्रशांत राजा, धर्मपाल नंगली, दशरथ सिंह शेखावत, विष्णु यादव, गौरी शंकर विजय, रामकिशन बैरवा, रामगोपाल सोनी, गूगन प्रधान, ओमप्रकाश सैन , शुभम मीणा आदि मौजूद रहे।

# जंगल से गुजर रहे युवक पर लेपर्ड ने किया हमला, करीब 4 मिनट तक लेपर्ड का सामना कर युवक ने किया खुद का बचाव, लेपर्ड को पकड़ा

■ संजीवनी टुडे

सराडा।परसाद वन रेंज के अमरपुरा में लेपर्ड ने युवक पर हमला कर दिया।लेपर्ड ने उसके सिर पर पंजा मारकर नोचा।करीब 4 मिनट तक लेपर्ड का सामना कर युवक जैसे-तैसे खुद का बचाव करते हुए भागा।चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे और घायल हो एमबी हॉस्पिटल लेकर गए।घटना अमरपुरा गांव की है।सूचना पर टीडी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।लेपर्ड को कड़ी कोशिश के बाद ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे मे कैद किया।

घायल अमरपुरा के वली फला निवासी लाला पुत्र थावरा मीणा (40) किसी काम से उदयपुर शहर आने के लिए गांव से रवाना हुआ था।जंगल से पैदल गुजरते वक्त झाड़ियों में छिपे लेपर्ड ने अचानक उस पर हमला कर दिया।लेपर्ड ने मुंह और पंजे से सिर को दबोचने की कोशिश की।युवक भी लगातार लेपर्ड से संघर्ष करता रहा और अपनी जान बचाकर भाग निकला। क्षेत्रीय वन अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया की गजेंद्र सिंह,शूटर डीपी शर्मा,जितेंद्र सिंह देवडा व वन विभाग टीम वन रेंज परसाद ने पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर पिंजरा मे कैद कर दिया।पैंथर परसाद वन विभाग में लाया गया है जहां चेकअप करके सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा। वही घटना से ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल हो गया।ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी लेपर्ड कई बार हमले कर चुका है।







## खबरें फटाफट

### दो दिवसीय विशाल निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर हुआ संपन्न



■ संजीवनी टुडे

माचाड़ी(राजगढ़)। माचाडी कस्बे के राजकीय यूनानी औषधालय डूंगरी मौहल्ला में यूनानी चिकित्सा विभाग द्वारा दो दिवसीय यूनानी चिकित्सा शिविर का बुधवार को सायं 6 बजे समापन हुआ। दो दिवसीय यूनानी चिकित्सा शिविर में ग्राम माचाडी व आसपास तथा दूर दराज से आये हुए लोगों द्वारा यूनानी चिकित्सा व यूनानी चिकित्सा थैरेपी हिजामा का लाभ ले कर स्वास्थ्य लाभ लिया गया। शिविर में अंतिम दिन करीब 167 स्त्री पुरुषों का निदान व उपचार किया गया। दो दिवसीय चिकित्सा शिविर में करीब 294 लोगों द्वारा यूनानी औषधि प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ लिया। यह जानकारी शिविर प्रभारी डॉ रामदयाल मीना ने दी।

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला को दिया बधाई



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। बुधवार को पूर्व संसदीय सचिव व चाकसू विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण बैरवा ने लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और उनको लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी गई और इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव बैरवा के साथ चाकसू विधानसभा क्षेत्र के अन्य कई और भी भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता भी साथ मे मौजूद रहे थे

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का जिला स्तरीय 'लाभार्थी संवाद' कार्यक्रम गुरुवार 27 जून को पंचायत समिति सलूंबर के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सभी जिलों में आयोजित लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा लाभार्थियों के बैंक खातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन अभिवृद्धित राशि का हस्तांतरण करेंगे और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभान्वितों से सीधा संवाद भी करेंगे यह कार्यक्रम 12 बजे से आयोजित किया जाएगा । जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी कर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं संबंधित विभागो को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारी तय की है।

### दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के लिए ऑनलाइन आवेदन

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार द्वारा पत्र जारी कर राज्य के सलूम्बर जिले सहित 50 जिला मुख्यालय पर दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र (डीडीआरसी) स्थापित करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये है। जिसके तहत विभागीय पत्रांक 4561-94 जयपुर दिनांक 11. 06.2024 की पालना में जिला सलूम्बर में सत्र 2024-25 में जिला दिव्यांगता पुर्नवास केन्द्र हेतु प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठन के प्रस्ताव ऑनलाईन ई-अनुदान पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है, इच्छुक गैर-सरकारी संगठन अपना आवेदन पत्र ई-अनुदान पर ऑनलाईन प्रेषित करे।

### करंट लगने से भैंस की मौत, मुआवजे की माँग

■ संजीवनी टुडे

सलूम्बर। समीपवर्ती वीरपुरा गाँव मे बाड़े मे बँधी दुधारू भैंस की करंट लगने से मौत हो गयी ऋ जानकारी के अनुसार नाथूलाल पिता तेजी पटेल ने बताया की बुधवार सुबह 6 बजे जब परिवार के सदस्य भैसों का दूध निकालने गये तब बाड़े के पास लगे विधुत पोल से बाड़े के आसपास करंट दौड़ गया जिससे विधुत पोल के पास मे बँधी एक भैंस को करंट ने चपेट मे ले लिया जिसकी मौक़ेपर ही दर्दनाक मौत हो गयी ऋमौक़ेपर पहुँचे ग्रामीणों ने विधुत विभाग को सूचना दी उसके बाद विभाग के कर्मचारी मौक़े पर पहुँचे और घटना की जानकारी ली ऋ पशु चिकित्सक की टीम ने पोस्टमार्टम कियाऋ परिवार ने बताया की भैंस गर्भवती थी उसके पेट मे बच्चा भी था भैंस की क़ीमत एक लाख रूपये तक थी ऋहादसे के वक्त गनीमत ये रही की उस समय बाड़े मे बँधी अन्य सात भेंसो को और परिवार के सदस्यो को कुछ नही हुआ अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी परिवार ने मुआवजे की माँग की ऋनाथूलाल पटेल की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू की।

## नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ शिविर का हुआ आयोजन



■ संजीवनी टुडे

भीण्डर। नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में तालुका विधिक सेवा समिति, भीण्डर जिला उदयपुर के सचिव गिरधारी लाल के द्वारा आज तालुका विधिक सेवा समिति भीण्डर (सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट) पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर आमजन को नशे से बचने का संदेश दिया, उन्होनें बताया की नशा एक बीमारी है और यह हमारे समाज में नैतिक मूल्यों को समाप्त कर रहा है. इसके साथ ही उन्होंने नशे को छोड़ने के लिए योग, प्राणायाम व ध्यान को अपनाने की बात कही और कहा की आज की युवा पीढी नशे के चंगुल में फसती जा रही है जिससे हमारे देश की नींव कमजोर हो रही है। उन्होनें बताया की आज बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ श्रेष्ठ संस्कार देने की जरूरत है।

## रिलायंस फाउंडेशन ने पेरिस ओलंपिक में बनाया देश का पहला 'इंडिया हाउस'

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला 'इंडिया हाउस' स्थापित किया है। इंडिया हाउस, पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। पार्क में इंडिया हाउस के अलावा नीदरलैंड, कनाडा, ब्राजील और मेजबान फ्रांस समेत 14 देशों के कंट्री हाउस भी होंगे। आईओसी सदस्या और रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर व चेयरपर्सन श्रीमती नीता एम.अंबानी ने इंडिया हाउस पर कहा, ''पेरिस ओलंपिक खेलों में पहली बार इंडिया हाउस की घोषणा करते हुए मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं। यह एक ऐसा स्थान होगा जहां हम अपने एथलीटों का सम्मान करेंगे, अपनी जीत का जश्न मनाएंगे, अपनी कहानियाँ साझा करेंगे और दुनिया भर को भारतीयता के रंग में रंग देंगे। भारतीय ओलंपिक संघ की प्रेजिडेंट पीटी उषा ने कहा, ''रिलायंस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में इंडिया हाउस का उद्घाटन, पेरिस ओलंपिक में भारतीय प्रशंसकों और




एथलीटों के लिए मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। मैं इस पहल और भारत के ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए आईओसी सदस्या नीता अंबानी को धन्यवाद देना चाहूंगी। इंडिया हाउस में खेल प्रशंसकों के लिए विशेष वॉच पार्टियां आयोजित की जाएंगी। वॉच पार्टियां के लिए विशेष मीडिया अधिकार धारक वायकॉम 18 फीड मुहैया कराएगा। साथ ही, इसमें संस्कृति से लेकर कला और खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत और भारतीय नृत्य समूहों के प्रदर्शन, पारंपरिक व्यंजनों तक बहुत कुछ शामिल होगा।

## एसीबी टीम की कार्रवाई: जालोर में दलाल (पत्रकार - प्राईवेट व्यक्ति) 50हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

जालोर। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एक.सी.बी. जालोर इकाई द्वारा बुधवार को कार्रवाई करते हुए मुकेश कुमार सुंदेशा पत्रकार मारवाड़ पत्रिका जालौर (प्राइवेट व्यक्ति) को परिवादी से 50हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी.मुख्यालय को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी कि सरकारी कार्य में दलाली की कमाई करवाने एवं अखबार में खबरें नहीं छापने की एवज में आरोपी मुकेश कुमार सुंदेशा पत्रकार मारवाड़ पत्रिका, जालोर (प्राइवेट व्यक्ति) द्वारा 50हजार रूपये द्वारा 50हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर (चार्ज जोधपुर रैंज)के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेंद्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में ए.सी.बी जालौर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस निरीक्षक अरविन्द कुमार द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश कुमार सुंदेशा पत्रकार मारवाड़ पत्रिका, जालोर (प्राइवेट व्यक्ति)को परिवादी से 50हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।



एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपर विजन में आरोपी से पुछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल फ्री - हेल्पलाइन नंबर1064एवं वाट्सोप हेल्पलाइन नंबर 94135- 02834 पर 24*7सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को पुरा करवाने में पुरी मदद करेगी ।

## वाटर पार्क में मारपीट व धमाल करने के 09 आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। नेशनल हाईवे पर स्थित किंग वॉटर पार्क में 6 जून को हुई मारपीट व धमाल करने के मामले में गंगरार थाना पुलिस ने जिला विशेष टीम के सहयोग से 09 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में अब तक पूर्व प्रधान सोनियाना के देवीलाल जाट व साडास के पूर्व सरपंच संजय वैष्णव सहित 07 लोगो को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि गत 6 जून को चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा नेशनल हाईवे पर स्थित किंग वॉटर पार्क में प्रवेश के लिए हुए झगड़े व जेसीबी से की गई तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने 100 से अधिक लोगों को चिन्हित किया था। जिसमे वांछित अपराधियों की तलाश की जाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में एएसपी सिकाऊ मुकेश सांखला के निर्देशन में गंगरार थाना पुलिस द्वारा डीएसटी के सहयोग से मामले में वांछित आरोपी झुपडा उर्फ



दोला जी का खेड़ा निवासी भैरू लाल गुर्जर पुत्र शंकर गुर्जर, धर्म राज गुर्जर पुत्र रतन गुर्जर, सोनियाणा निवासी मुकेश जाट पुत्र फतह लाल जाट, सुरेन्द्र सिंह पुत्र प्रेम सिंह, हेमराज पुत्र पेमा जी, रतन जाट पुत्र हरु जाट, भैरू लाल उर्फ राजू जाट पुत्र लक्ष्मण जाट, काला का खेड़ा उर्फ शंभूपुरा निवासी गोविंद पुत्र अर्जुन लाल जाट एवं गेजरा पुलिस थाना गंगरार निवासी बंशी लाल पुत्र बालू राम जाट को गिरफ्तार किया गया है। मामले में नामजद आरोपी भीलवाड़ा के हलेड निवासी रोशन जाट व विशाल जाट, सुलीखेड़ा थाना गंगरार निवासी प्रकाश खाती, भीलवाड़ा के तखतपुरा निवासी प्रकाश नायक व भैरु नायक की सरगर्मी से तलाश की जा रही हैं।

## दलित आदिवासी प्रोत्साहन योजना के तहत ब्लॉक स्तर पर जागरुकता शिविर का आयोजन कल

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विकास कार्यक्रमों एवं कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के जीवन स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से राज्य के गैर-कृषि क्षेत्रों यथा विनिर्माण सेवा एवं व्यापार के विकास में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग का योगदान एवं प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु राज्य के वार्षिक बजट 2022-23 में डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से लक्षित वर्गों को उद्योग, सेवा एवं व्यापारिक गतिविधियों से सम्बन्धित परियोजना की स्थापना, विस्तार, विविधिकरण, आधुनिकिकरण हेतु विभिन्न प्रकार की सहायता एवं सुविधाएं प्रदान कर अऋण उपलब्ध करवाना है। इस हेतु दिनांक 28 जून को पंचायत समिति सेमारी में 11:00 बजे, सराडा में दोपहर 1:00 बजे एवं जयसमंद में सांय 3:00 बजे जागरूगकता शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैं जिसमें योजना से संबधित समस्त जानकारी प्रदान की जावेगी। अंत उपरोक्त पंचायत समिति के सभी आमजन से निवेदन है कि इन जागरूगता शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ लेवें।

### योजना की मुख्य विशेषताएं

- नए उद्यम की स्थापना अथवा स्थापित उद्यम के विस्तार, विविधिकरण या आधुनिकिकरण हेतु कम लागत पर ऋण उपलब्ध कराना।
- विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार उपक्रमों हेतु ऋण उपलब्ध कराना।
- आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो। आवेदन के समय आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक हो।
- उद्योग लगाने हेतु अधिकतम परियोजना लागत 10.00 करोड़ रुपए।
- सेवा उद्यम हेतु अधिकतम परियोजना लागत 500 करोड़ रुपए।
- व्यापार क्षेत्र हेतु अधिकतम परियोजना लागत 100 करोड़ रुपए।
- विनिर्माण एवं सेवा उद्योग की परियोजनाओं में कार्यशील पूंजी की सीमा कुल परियोजना लागत के अधिकतम 40 प्रतिशत तक होगी।
- व्यापारिक क्षेत्र में यह सीमा अधिकतम 90 प्रतिशत तक होगी।
- परियोजना लागत की 25 प्रतिशत अथवा 25 लाख रुपए, जो भी कम हो मार्जिन मनी अनुदान राशि होगी।
- अंशदान ऋण सीमा
- विनिर्माण हेतु न्यूनतम अंशदान 10 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 90 प्रतिशत।
- सेवा हेतु न्यूनतम अंशदान 10 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 90 प्रतिशत ।
- व्यापार हेतु न्यूनतम अंशदान 15 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 85 प्रतिशत।
- ऋण की समयावधि 3 से 7 वर्ष तक होगी।
- ब्याज अनुदान 5 वर्ष तक ही देय होगा।

## तीन दिन से सड़क पर गिरा है पेड़, प्रशासन बेखबर



■ संजीवनी टुडे

भीण्डर। नगर पालिका अपने जिम्मेदारियों के प्रति कितना जवाब देह है इसका सीधा उदाहरण शहर में देखने को मिला है. पिछले दिनों हुई तेज हवाओं के साथ बारिश में लिंक सड़क पर गिरा पेड़ पिछले 3 दिनों से नहीं हटाया गया है। भीडर कस्बे के भैरव स्कूल के सामने से खारोल मोहल्ले से जोड़ने वाले रोड पर पिछले तीन दिनों से एक पेड़ गिरा है। लिक रोड होने की वजह से यातायात प्रभावित हो रहा है, लेकिन इसे लेकर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पेड़ की वजह से न केवल वाहनों के आवागमन में दिक्कत हो रही है, बल्कि हादसे का अंदेशा है। भैरव स्कूल के सामने वाली गली से होकर में रास्ते के पास है। यहां से होकर दिन भर में लोगों का आना-जाना रहता है ऐसे में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मोहल्ला वासियों ने बताया कि तीन दिन पहले जब तेज आंधी आई, तब यह पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया। ।इस दौरान रात में यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी असुविधा होती है।

## पिडवाड़ा रेल्वे स्टेशन के प्लेट फॉर्म एक पर संचालित टिकिट खिडकी सुविधाए बंद करने पर उपजा रोष, सौंपा ज्ञापन

■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। सिरोही जिले के मुख्य पिण्डवाडा रेलवे स्टेशन पर विस्तार के बाद सुविधाए बढाने के बजाय घटाने का आदेश जारी होने की जानकारी नगर वासियों को होने पर आमजन में रोष उपजा रहा है। शहर के पिण्डवाडा एवं सिरोहीरोड व्यापार मंडल सहित विविध संगठन के लोगो ने यात्रिक सुविधाए यथावत रखने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। जानकारी के अनुसार पिण्डवाडा रेल्वे स्टेशन जो न सिर्फ सिरोही जिला मुख्यालय का नजदीकी रेल्वे स्टेशन है बल्कि इसके नजदीकी देश- प्रदेश की बडी औघागिक ईकाईया में शुमार तीन उधोग संस्थानों की वजह से संभाग व पश्चिमी रेल्वे का सबसे अधिक राजस्व प्रदान करने स्थान बना हुआ है। ऐसे में रेल्वे स्टेशन पर सुविधाए बढनी चाहिए लेकिन हाल में रेल्वे विभाग द्वारा इस स्टेशन एवं यहां आने वाले यात्रिको की सुविधाओं में कटौती करने का तुगलकी फरमान जारी किया है। बताया जा रहा है इस रेल्वे स्टेशन पर 1881 से रेल सुविधा एवं पुर्व में मुख्य रेल्वे कार्यालय एवं टिकिट खिडकी पुर्वी भाग में हुआ करती थी, स्टेशन का विस्तार कार्य होने के बाद स्टेशन के दौरान ओर अप -डाउन गाडियों में यात्रा करने वाले यात्रिको की सुविधाओं के लिए टिकिट खिडकी स्थापित है लेकिन हाल ही रेल्वे विभाग द्वारा शहर के पुर्वी भाग में प्लेटफॉर्म जो वर्तमान में दो नंबर से जाना जाता है यहा स्थापित टिकिट खिडकी को बंद किए जाने का आदेश जारी हुआ है। जिसका नगर वासियों ने गहरा रोष प्रकट किया है। तथा पर प्लेट फॉर्म नंबर दो से रिज़र्वेशन व जनरल बुकिंग को प्लेट फॉर्म नंबर एक पर ले जाने के आदेश को निरस्त करवाने की मांग का ज्ञापन पिण्डवाड़ा व सिरोही रोड व्यापार मण्डल और पिण्डवाड़ा ऑटो रिक्शा मज़दूर संघ के सयुक्त तत्वाधान में स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया है।



ज्ञापन में बताया की पिण्डवाड़ा रेलवे स्टेशन पर प्लेट फॉर्म दो पर जो बुकिंग खिड़की थी उसे प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर ले जाया गया है जिससे टिकट लेने वाले यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इस प्लेट फॉर्म से मुंबई , पुना,बंगलौर व अन्य स्टेशनों पर जाने का मुख्य मार्ग है, यात्रियों की संख्या व भीड़ प्लेट फॉर्म नम्बर एक से ज़्यादा दो पर रहती है जिससे यह खिड़की प्लेट फॉर्म नंबर दो पर पुनः शुरू की जाये। इनकी रही उपस्थिति-भाजपा नगर अध्यक्ष सन्तोष गेहलोत,शिवसेना जिला प्रमुख रमेश रावल,पिण्डवाडा व्यापार मंडल के कमलेश राजगुरू,सिरोहीरोड व्यापार मंडल के कन्हैयालाल, दिलीप जैन,हितेश रावल,ऑटो रिक्षा मजदुर संघ अध्यक्ष पुरण कुमार, दुर्गाशकर रावल,प्रकाश रावल,नारायण मीणा, छगन मीणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री घांची समाज युवा संगठन झाडोली के तत्वावधान में 148 प्रतिभाओं सम्मान किया गया

■ संजीवनी टुडे

### बच्चों को मोबाइल से अलग करने की दी हिदायतः गहलोत

पिण्डवाड़ा/सिरोही। शहर के समीपवर्ती स्थित झाडोली ग्राम में श्री घांची समाज युवा संगठन झाडोली के तत्वाधान में छंठा प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार श्री घांची समाज युवा संगठन झाडोली के बैनर तले छंठा प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया म प्रतिभावान सम्मान समारोह श्री घांशी समाज युवा संगठन रमेश गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया म रविवार को प्रतिभावान सम्मान समारोह में भगवान श्री द्वारकाधीश की प्रतिमा के आगे समाज के वशिष्ठ नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह की शुरूआत की गई। घांची युंवा संगठन के अध्यक्ष रमेश गहलोत ने बताया कि इस प्रतिभावान सम्मान समारोह में सत्र 2023-24 की कुल 148 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गयाम साथ ही विशाल भजनों का आयोजन भी किया गयाम विशाल भजनों में राजस्थान के मशहूर कलाकार एवं स्वजातीय कलाकार बंसल भाटी एंड पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। वही युंवा संगठन के उपाध्यक्ष शिवलाल गहलोत ने बताया कि प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित करने से समाज की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्राप्त होता हैम साथ ही गहलोत ने बताया कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 3 से ऊपर उर्तीण या पूर्व डिग्री एवं राजकीय सेवा या कोई अन्य क्षेत्र में प्रतिभाओं का सम्मान किया गयाम इस अवसर श्री घांची समाज युंवा संगठन अध्यक्ष गहलोत ने बताया कि प्रतिभावान सम्मान समारोह के दौरान भामाशाहओ का भी सम्मान किया गयाम एवं संगठन आगे भी समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगाम साथ ही बच्चों के माता-पिता कुछ नहीं देते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल गेम से सावधान करने की अपील कीम सम्मान समारोह का मंच संचालन राजेंद्र राठौड़ एवं सुरेश गहलोत द्वारा किया गयाम गयाम इस अवसर पर सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे।



## मदन मोहन राजौर की मेहनत लाई रंग, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देश पर किंजर धाम का हेरिटेज की तर्ज पर होगा विकास

■ संजीवनी टुडे


जयपुर। राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग ने टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र सहित ग्राम पंचायत भंडारी(अंदरनी) की आमजन को अरावली की पहाड़ियों में स्थित किंजर धाम के लिए लगभग 50 लाख के विकास कार्य की ऐतिहासिक सौगात को लेकर खुशखबरी दी है। इस किंजर धाम के विकास के लिए आम आदमी पार्टी करौली के जिला अध्यक्ष मदन मोहन राजौर द्वारा दिया कुमारी उप मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार से मिलकर किंजर धाम के जीर्णोधार व महापुरुषों की प्रतिमा लगाने का निवेदन किया गया था। मामले में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही हेतु पर्यटन विभाग को निर्देशित किया। राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा सहायक निदेशक पर्यटक स्वागत केंद्र सवाई माधोपुर को निर्देश प्रदान किए गए। जिस पर सहायक निदेशक द्वारा जिला मुख्यालय करौली से करीबन 60 कि.मी. की दूरी पर महावीरजी से शेखपुरा होते हुए ग्राम पंचायत भण्डारी (अंदरनी) में स्थित किंजर धाम में जामवंत की गुफा, श्री कृष्ण भगवान, शिव-पार्वती प्राचीनकालिन मंदिर एवं पृथ्वीराज चौहान, भगवान परशुराम, भीमराव अम्बेडकर व बाबा गोरखनाथ की प्रतिमाएं भी स्थित होने,यहां प्रतिदिन सैकडों श्रद्धालुओं का आवागमन रहने,प्रतिवर्ष ग्राम पंचायत भण्डारी के तत्वाधान में हेलाख्याल दंगल के आयोजित होने,यहां पर पेयजल व्यवस्था, जनसुविधाओं यात्रीशेड व दंगल मैदान पर सीढ़ीनुमा बैठक व्यवस्था के अभाव का हवाला देते हुए मंदिर व मंदिर की चारी दिवारी का जीर्णोद्वार (मरम्मत व रंगरोगन) का कार्य करवाया जाना उचित मानते हुए इसके आदेश प्रदान किए गए हैं। उक्त विकास कार्य पर्यटन को बढ़ावा देने, श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ाने व ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त होने के दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृत किया गया है।



सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# चीन अगर लोकतांत्रिक देश होता तो इस तरह के विवाद नहीं होते



रूस में साम्यवाद के अंत के बाद दुनिया ने कितनी राहत की सांस ली उसकी कल्पना वही पीढ़ी कर सकती है जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया में चार दशकों तक चले शीतयुद्ध में रूसी खेमे और अमेरिकी खेमे की तनातनी को झेला। रूसी साम्यवाद के पतन में आंतरिक परिस्थितियां तो जिम्मेवार थी हीं परंतु वहां इस फासिस्ट विचारधारा के उन्मूलन में विश्व समुदाय ने जो भूमिका निभाई उसको भी विस्मृत नहीं किया जा सकता। लेकिन दुर्भाग्य कि आधुनिकता व लोकतांत्रिक व्यवस्था की ओर बढ़ रहा आधुनिक समाज चीन में ऐसा करने में चूक गया और उसी की विभीषीका झेलने को विवश हो रहा है। अगर चीन में उठी लोकतंत्र की आवाज को विश्व समुदाय जिसमें सबसे बड़ी जिम्मेवारी हम भारतीयों की थी, नजरअंदाज न करता तो शायद आज दुनिया ड्रैगन जनित वर्तमान खतरों से मुक्त होती। न तो भारत को घेरने की 'स्टिंग आफ पर्ल्स' की रणनीति होती और न ही बेल्ट ऐंड रोड योजना के जरिये वैश्विक संसाधनों पर नियंत्रण का अभियान चलता।

वैश्विक विरोध के बावजूद चीन सागर पर चीनी सेना का वर्चस्व कायम न हो पाता। हमने देखा है कि साम्यवादी सोवियत रूस के विखंडन के बाद दुनिया एक बेहतरी की ओर बढ़ी है। चीन का लोकतंत्र की दिशा में बढ़ने को बाध्य होना विश्व के लिए एक शुभ समाचार होता। चीन यदि लोकतांत्रिक देश होता तो आज तिब्बत की यह दशा न होती। भारत के साथ गढ़े गए सीमा विवाद न होते। 'पंचशील' समझौते का सम्मान होता। जिस तरह चीन अपनी भौगोलिक विस्तरवादी नीति के चलते भारत समेत अपने पड़ोसी देशों और हड़पने वाली आर्थिक नीतियों के चलते गरीब देशों के लिए खतरा बनता जा रहा है उससे निपटने के लिए माओ जेत्सुंग की कंटीली जमीन पर लोकतंत्र के पुष्प पल्लवित होने जरूरी हैं। लोकतंत्र की बसंत चीन को उसकी नीतियों की अमानवीयता से अवश्य मुक्त कर देगी। याद करें 3-4 जून, 1989 को चीन ने थियानमेन चौक में लोकतंत्र की मांग कर रहे हजारों छात्रों को अपनी निर्मम सेना के बूट तले रोंद दिया। ये प्रदर्शन अप्रैल 1989 में चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी के पूर्व महासचिव और उदारवादी हू याओबांग की मौत के बाद शुरू हुए। हू चीन के रुढ़िवादियों व सरकार की नीति के विरोध में थे और चुनाव हारने के कारण उन्हें हटा दिया गया था। छात्रों ने उन्हीं की याद में मार्च आयोजित किया। दुर्भाग्य की बात रही कि लोकतंत्र के लिए उठी इस आवाज को दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत व सबसे सफल लोकतंत्र कहे जाने वाले पश्चिमी समाज समेत दुनिया ने नजरअंदाज सा कर दिया। हजारों नौजवानों की हत्या वैश्विक मंचों से गायब रही, मानो दुनिया ने उभर रही इस वैश्विक शक्ति के आगे बेबसी जता दी हो। इसी बीच 1997 को 99 साल का पट्टा खत्म होने के बाद ब्रिटेन ने हांगकांग शहर चीन के सुपुर्द कर दिया। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में पलाबढ़ा हांगकांग का समाज चीन के फासीवादी चंगुल में आते ही आजादी के लिए छटपटाने लगा।

आधुनिकता में सराबोर हांगकांग की पीढ़ी ने चीन के खिलाफ शुरू में ही आवाज उठानी शुरू कर दी परंतु उनका संगठित विरोध तब सामने आया जब चीन ने प्रत्यार्पण विधेयक लाने का प्रयास किया। लोगों ने चीन का अकल्पनीय विरोध किया। 75 लाख की आबादी में से 20 लाख लोग सड़क पर आ गए। लोकतंत्र के लिए हांगकांग का संघर्ष नया नहीं था। 2014 में 'अम्ब्रेला आंदोलन' के नाम से लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए जोशुआ वांग, नाथन ला, एलेक्स चाऊ जैसे छात्र नेताओं के नेतृत्व में सशक्त आंदोलन चलाया गया था। इस आंदोलन ने मिस्र में हुए स्प्रिंग आंदोलन की याद दिला दी, जब काहिरा के तहरीर चौक पर लाखों आंदोलनकारियों ने आवाज उठाई और होस्नी मुबारक की सरकार को बाहर का रास्ता दिखा दिया। लेकिन ऐन मौके पर दुनिया की लोकतांत्रिक शक्तियां हांगकांग के इस आंदोलन को भी समर्थन देने में चूक गईं और चीनी नेतृत्व का दमन और बढ़ता गया। उस समय शायद दुनिया ने सपना लिया होगा कि जब राष्ट्रों में समृद्धि आती है, तो नागरिकों की महत्वाकांक्षाओं में वृद्धि के साथ अधिनायकवाद नकारा होने लगता है। चीन समृद्धि की ओर बड़ी तीव्र गति से बढ़ रहा देश है। लेकिन दुनिया ने चीन में सुधार की आंतरिक प्रक्रिया के फलीभूत होने का जो स्वप्न देखा वो धूलधुसरित होता दिख रहा है। तानाशाही कम्यूनिस्ट व्यवस्था के हाथों में आरही संपन्नता दुनिया के लिए अभिशाप बनती प्रतीत हो रही है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो)** : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ,छ,के,को,ह)** : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)** : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)** : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# वर्क फ्रॉम होम की वर्क-संस्कृति का बढ़ता दायरा



देश एवं दुनिया में कोरोना महामारी एवं प्रकोप ने न केवल हमारी जीवनशैली बल्कि कार्यशैली में भी आमूलचूल परिवर्तन कर दिया है। जिन देशों में लॉकडाउन हुआ और तीन-तीन, चार-चार महीनों तक इन स्थितियों को सामना करना पड़ा, उन सभी देशों में वर्क फ्रॉम होम की कार्यशैली को अपनाना पड़ा। कंपनियों को अपने वर्कर के लिये वर्क फ्रॉम होम शुरू करना पड़ा था। शुरू-शुरू में इस वर्क-संस्कृति को अपनाने में कर्मचारियों को काफी सुविधा लगी, लॉकडाउन की स्थिति समाप्त होने के बाद भी यही परम्परा देखने को मिल रही है, ऐसे में अब भी ज्यादातर लोग घर से ही काम कर रहे हैं। हालांकि, अब लोगों को कई तरह की चुनौतियों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके कॉर्पोरेट एक्सपर्ट्स की मानें तो आगे चलकर भी वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति का महत्व बढ़ेगा।

वर्क फ्रॉम होम की वर्क-संस्कृति कोरोना महामारी के चलते ही इजाद नहीं हुई है, बल्कि सुदीर्घ काल से इसे अपनाने पर बल दिया जाता रहा है। विशेषतः महिला कर्मचारियों के लिये गर्भावस्था एवं बच्चे की परवरिश को ध्यान में रखते 'वर्क फ्रॉम होम' की कार्य-संस्कृति की उपयोगिता पर बहस होती रही है। क्योंकि ऐसी महिलाओं के सामने पहले ऑफिस में पूरे समय चिंता लगी रहती थी- बच्चे ने ठीक से खाया होगा या नहीं, कहीं रो तो नहीं रहा होगा। अब चिंता नहीं है। घर पर कार्य करते हुए वे अपने दूधमुंहे बच्चों को बीच-बीच में संभाल लेती है, इस तरह ऑफिस के लिए भी ज्यादा समय निकल आता है।

एकल परिवारों में कामकाजी महिलाओं के लिए घर व ऑफिस में सामंजस्य बिठाना मुश्किल होता है। अमेरिका में हुए मॉम क्रॉप्स के सर्वे में पता चला कि वर्क फ्रॉम होम की सुविधा मिले, तो वहां 50 फीसदी महिलाएं थोड़े कम पैकेज पर भी काम करने को तैयार रहती हैं। यह बात सिर्फ महिलाओं पर लागू नहीं होती। 'वर्क फ्रॉम होम' की कार्य-संस्कृति की चाहत रखने वालों में पुरुषों की संख्या भी महिलाओं के बराबर ही है। असल में ऐसी सुविधा चाहना संबंधित कर्मचारी के पुरुष या स्त्री होने पर नहीं, उसकी पारिवारिक जरूरत और सामाजिक मूल्यों पर निर्भर करता है। यूरोपीय देशों में बच्चा पालने की जिम्मेदारी पिता भी उठाते हैं, इसलिए वहां पुरुष भी फ्लेक्सी टाइमिंग्स या वर्क फ्रॉम होम जैसी सुविधाएं मांगते हैं। भारत में बीमार सास-ससुर और बच्चों की जिम्मेदारी महिलाओं पर ही होती हैं, इसलिए यहां ज्यादातर महिलाएं ही ऐसी सुविधाएं खोजती हैं। भारत की कई कंपनियों ने इस बदलाव को पहचाना है और वे महिलाओं को लचीले वर्क अवसरों की सुविधा देने लगी हैं। इंदौर, दिल्ली, कोलकता, बैंगलोर, मुंबई और हैदराबाद में यह प्रचलन तेजी से फैल रहा है।

विप्रो, एचपी, टीसीएस जैसी कंपनियों में लॉकडाउन में तो शत-प्रतिशत लेकिन सामान्य दिनों में भी लगभग 10 से 15 फीसदी कर्मचारी ऐसी सुविधा ले रहे हैं। आईटी के अलावा यह ट्रेंड कॉपी राइटिंग, क्लाइंट सर्विसिंग, अकाउंट मैनेजमेंट और सिस्टम मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में भी नजर आता है। कई कंपनियां आधुनिक सुविधाओं से जुड़े ऑफिस स्पेस और रख-रखाव का खर्च बचाने के लिए भी अपने कर्मचारियों को यह सुविधा देना चाहती है। बीपीओ कारोबार में यह व्यवस्था ज्यादा स्पष्ट रूप लेती रही है, इसमें वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क तकनीक का यूज कर कर्मचारी को कंप्यूटर के जरिए कंपनी के सर्वर से जोड़ दिया जाता है। कम्पनियों को इससे लाभ अधिक है, लेकिन कर्मचारियों के लिये इसके नुकसान भी है। लगातार घर से काम करने पर दिमाग व सेहत पर ज्यादा जोर पड़ता है, जिससे बचना बेहद जरूरी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लोगों को घर से काम करने में मानसिक तनाव के साथ शारीरिक कष्ट भी झेलना पड़ रहा है। जहां एम्पलॉयज 8-9 घंटे ऑफिस में काम करके बिताते थे वहीं वर्क फ्रॉम होम के दौरान उन्हें 10 घंटे से ज्यादा काम करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से लोगों में चिड़चिड़ापन, उदासी और अनिद्रा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही किसी पर जॉब जाने का खतरा मंडरा रहा है तो कोई घंटों काम करने के लिए मजबूर है।

वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति में कई तरह की परेशानियां आती है, जिसमें से सबसे ज्यादा अहम है काम करते वक्त अपना शरीर का असंतुलित हो जाना। एक ही स्थान पर दिनभर बैठने से मांसपेशियां सख्त हो जाती है और कंधे, गर्दन में भी दर्द होने लगता है। ऐसी अनेक जटिल स्थितियों से बचने के लिये विशेषज्ञों की सलाह है कि कर्मचारी को लगातार घंटों काम करने के बजाय 15 मिनट का ब्रेक बीच-बीच में लेते रहना चाहिए और इस ब्रेक के बीच में मोबाइल फोन व सोशल नेटवर्किंग से दूर रह कर ही रीलेक्स करें। दिमाग को तरो-ताजा करने के लिए 8 से 9 घंटे की भरपूर नींद लें। समय मिले तो सुबह उठकर व्यायाम करके खुद को फिट रखें। काम खत्म होने के बाद अपने परिवार के साथ समय बिताएं और अपने रिश्तेदारों व प्रियजनों से इंटरनेट के द्वारा जुड़ें। इसके साथ ही आप खाली समय में बच्चों के साथ मनोरंजन व खेल भी खेलें। वर्क फ्रॉम होम की कार्य-संस्कृति भारत में पांव पसार रही है। हर कोई अपनी मर्जी का मालिक बनना चाहता है एवं घर बैठे पैसे कमाना चाहता है। करीब दो करोड़ शहरी भारतीय यही सपना देखते हैं। यह बात फ्रीलांसर इनकम्स अराउंड द वल्र्ड रिपोर्ट 2018 के मुताबिक सामने आई है। इस तरह के लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ये स्वरोजगार करने वाले लोग हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को इनसे बल मिल रहा है। इससे अतिरिक्त इनकम होती है। अपनी सहूलियत के अनुसार काम करने के घंटे चुनने का मौका मिलता है। हर दिन तैयार होकर ऑफिस जाने एवं महानगरों की यातायात की जद्दोजहद से मुक्ति मिल जाती है। कोरोना वायरस महामारी के कारण वर्क फ्रॉम होम जॉब्स की मांग में काफी इजाफा हुआ है। ऑनलाइन करियर प्लेटफॉर्म जॉब्स फॉर हर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2019 की तुलना में मार्च 2020 में 30 प्रतिशत ज्यादा वर्क फ्राम होम जॉब्स पोस्ट की गई। कई महिलाओं ने इस महामारी एवं लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन जॉब्स के जरिए अपने करियर को स्थापित किया है। सोशल मीडिया मार्केटिंग के जरिए ब्रांड को मजबूत करने, बिक्री के बढ़ाने और वेबसाइट पर ट्रैफिक लाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकते हैं। यदि आप डिजिटल मार्केटिंग में रुचि रखते हैं, तो यह आपके लिए एक अच्छा विकल्प होगा।

वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति की सफलता के लिये जरूरी है टाइम मैनेजमेंट। ऑफिस का एक फिक्स शिड्यूल होता है, इसी तरह वर्क फ्रॉम होम के लिए भी एक प्रॉपर शिड्यूल बनाएं। ऑफिस वर्क, घर के काम को मैनेज करने के लिए प्लानिंग करनी होगी। वर्क फ्रॉम होम में पारिवारिक सदस्यों का सपोर्ट जरूरी है। इसलिए अपने परिवार एवं बच्चों को अपने कामकाजी घंटों के बारे में जानकारी जरूर दें और कब आप फ्री होंगे। घरवाले लगातार आपसे अटेंशन मांगते हैं, पर काम के साथ उनपर ध्यान देना संभव नहीं होता। ज्यादातर घरों में ऑफिस का काम करने के लिए कोई प्रॉपर सीट नहीं होती। विश्व स्तर पर हुई शोधों से यह तथ्य भी सामने आये हैं कि कर्मचारी घर और दफ्तर, दोनों की जिम्मेदारियां निभाते-निभाते थक चुके हैं उनका एनर्जी लेवल जीरो हो गया है। घर बैठकर जीवनयापन के लिए काम करनेवाले अपने परिवार और ऑफिस की मांगों में तालमेल नहीं बिठा पाते हैं। एक ही वक्त में दो जगह होने की कोशिश बेहद थकाऊ होती है और इससे काम की गुणवत्ता पर असर पड़ता है।

### विचार बिन्दु

**वर्क फ्रॉम होम चाहनेवालों के लिए यह सुविधाजनक है, वही कंपनियों के लिए लाभदायक होने पर भी सिरदर्द बनी रहती है। उन्हें इस बात की चिंता लगी रहती है कि घर से काम करनेवाले क्या पूरी तरह से लॉयल बने रहेंगे? कहीं वे कंपनी के कॉन्फिडेंशियल डेटा तो नहीं लीक कर देंगे? ऐसे कर्मचारियों पर समय की पाबंदी और अनुशासन बनाए रखना एक अलग चुनौती है। लेकिन सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे काम छोड़कर भागने वाले कर्मचारियों की रफ्तार कम हुई है। वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति भारत में तेजी से स्थापित होगी और इससे कार्यशैली का एक नया स्वरूप सामने आयेगा।**



ललित गर्ग

# मूर्ति स्थापित न करके एक पत्थर को लोग क्यों पूजते हैं शनिदेव के स्थान पर?

महीने के चारों शनिवार और अमावस्या के दिन यहां सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा लगा होता है। शनिदेव महाराज के दर्शन के समय मंदिर में जाते समय सामने की तरह ही देखें, पीछे मुड़ने पर मनाही है तथा मंदिर के अंदर केवल पुरुषों का जाना ही अनिवार्य है महिलाएं बाहर से ही पूजा पाठ करती है। एक ऐसा शहर जहां लोगो के घरों में कभी ताला नही लगाया गया, हर समय वहां लोगो ने खुद को सुरक्षित महसूस किया। आज हम बात कर रहे है मुम्बई के अहमदनगर ज़िला में स्थित प्राचीन शनि मंदिर "शनि शिंगणापुर" की। माना जाता है कि शिंगणापुर गांव में कभी भी एक सामान तक की चोरी नहीं हुई, शनि महाराज की यहां अपार कृपा है जो सालों से इस गांव के लोगों पर बरस रही है। मनुष्य के जीवन में दुःखों की समस्या हर समय रहती है, यदि अगर आपने एक बार भी इस प्राचीन मंदिर में शनि महाराज के दर्शन पा लिए तो जीवन मे तमाम उलझनों से आपको मुक्ति मिल जाएगी।

पुरानी मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि तकरीबन 300 साल पहले इस गांव में भयंकर बाढ़ आई, तेज़ बारिश से पेड़-पौधे तक टूट गए, जब तबाही रुकी तब लोग अपने घरों से बाहर निकले ख़ौफ़नाक मंज़र देखने। उन्ही में से एक व्यक्ति गांव से थोड़ा आगे तक आ गया, तभी उसने रास्ते के बीचों-बीच एक अजब तरह का पत्थर देखा। विशाल आकृति का वो पत्थर मानों कभी ऐसी मूरत ही ना देखी हो। कुछ देर आसपास देखने के बाद उस व्यक्ति के दिल मे लालच आया इस पत्थर के प्रति, तब उसने उस पत्थर पर कील-हथौड़े से वार किया, हथौड़े के पहले ही वार से उस पत्थर में से खून निकलने लगा, यह देख के वह व्यक्ति डर गया और वापिस गांव जा के सबको यह आपबीती बताई। गांव के लोग उस विशाल आकृति को देखने गए और ऐसी अजीब तरह का पत्थर देख के सब भयभीत हो गए। उसी रात को गांववासियों में से किसी एक को स्वप्न में शनिदेव के दर्शन हुए, उन्होंने बताया कि जिस विशाल आकृति को देख के तुम सब भयभीत हुए वो मैं ही हूं, मेरी ही छवि है वो, उसको तुम स्थापित करो।

बस इतना कहकर शनिदेव अंतरध्यान हो गए। दिन निकलते ही जब उस गांववासी ने सारी बात गांव में बताई तो सब एकजुट होकर विशाल आकृति को लेने पहुंच गए, किंतु कड़ी मशक्कत के बाद भी जब वह पत्थर अपने स्थान से हिला ही नहीं। सब थकहार के वापिस गांव चले गए। उसी रात फिर शनिदेव जी दुबारा सपने में आए और उन्होंने बताया कि किस प्रकार वह आकृति अपने स्थान से हिलेगी। मामा-भांजे की जोड़ी ये लक्ष्य पूरा कर सकती है। यानी कि उस आकृति को हिलाकर उसको उसके नए स्थान पर लगाने के लिए मामा-भांजे की जोड़ी का होना आवयश्क है उनके ही माध्यम से मेरी छवि एक नई जगह स्थान स्थापित करेगी। शिंगणापुर गांव की सुबह होते ही उस गांववासी ने सारी क्रियाएं बाकियों के सामने रखी, तब मामा-भांजे की जोड़ी मिल कर कार्य करने में सफल हुए।

शिंगणापुर गांव में पड़ने वाली सूर्य की पहली किरण के स्थान पर उस आकृति को प्राण-प्रतिष्ठा के साथ स्थापित किया गया। तब शनिदेव जी ने सबको आशीर्वाद दिया और वरदान दिया कि इस गांव की रक्षा अब मेरे हेतु मेरे द्वारा की जाएगी उसके पश्चात ही सभी शिंगणापुर वासियों ने यह प्रण लिया कि आज से किसी के भी घर मे मुख्य दरवाज़ा नहीं होगा क्योंकि अब हमारे लिए हमारे साथ शनिदेव का आशीर्वाद है। देश-विदेश से कितने ही भक्त शनि महाराज के दर्शन करने आते है महीने के चारों शनिवार और अमावस्या के दिन यहां सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा लगा होता है। इस मंदिर के प्रावधान में यह भी कहा गया है कि शनिदेव महाराज के दर्शन के समय मंदिर में जाते समय सामने की तरह ही देखें, पीछे मुड़ने पर मनाही है तथा मंदिर के अंदर केवल पुरुषों का जाना ही अनिवार्य है महिलाएं बाहर से ही पूजा पाठ करती है।

## आज का इतिहास



### 27 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 2002 | जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर सहमत। |
| 2003 | संयुक्त राज्य अमेरिका में समलैंगिकता पर प्रतिबंध रद्द। |
| 2004 | अमेरिका और यूरोपीय संघ ने जी.पी.एस. गैलेलियो के विकास में सहयोग से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किये। |
| 2005 | ब्रिटेन ने भारत की वीटो रहित स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। |
| 2006 | गुयेन मिन्ह ट्रयेट वियतनाम के राष्ट्रपति चुने गये। |
| 2007 | जेम्स गार्डन ब्राउन ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री का पद संभाला। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने महारानी एलिजाबेथ को अपना त्याग पत्र सौंपा। |
| 2008 | भारत व पाकिस्तान ने ईरान से आने वाली गैस पाइप लाइन परियोजना को चालू करने के लिए आ रही रुकावटों को हल किया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सहअध्यक्ष आसिफ़ अली जरदारी छः दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में तुर्की रवाना हुए। |
| 2015 | भारत के फ़िल्म इतिहास में अपना एक ख़ास मुकाम रखने वाले सत्यजीत रे अथवा सत्यजित राय की तस्वीर को संयुक्त राष्ट्र ने अपने मुख्यालय में प्रदर्शित करने का फैसला किया। |
| 1964 | पी. टी. उषा - भारतीय खिलाड़ी का जन्म हुआ। |
| 1955 | पूर्णिमा वर्मन - भारतीय पत्रकार का जन्म हुआ। |

# मधुमेह के रोगियों पर कोरोना का बड़ा हमला

### विचार बिन्दु




बाल मुकुन्द ओझा

**मधुमेह वर्तमान में हमारी जिंदगानी का एक अहम् हिस्सा बन गयी है। यदि आपको मधुमेह है तो इससे डरने की कोई जरूरत नहीं है।**

मधुमेह या डायबिटीज के प्रति जन साधारण में चेतना जागृत करने के लिए प्रत्येक वर्ष 27 जून को विश्व मधुमेह जागृति दिवस मनाया जाता है। मधुमेह या डाइबिटीज जिसे बोलचाल की भाषा में शुगर भी कहा जाता है आखिर है क्या जिसकी चर्चा आजकल घर घर में सुनी जा रही है। बच्चे से बुजुर्ग तक हर आयु का व्यक्ति इस बीमारी का शिकार हो रहा है। अस्पतालों और जाँच केंद्रों पर मधुमेह के रोगी बड़ी संख्या में देखे जा रहे है। भारत में हर पांचवें व्यक्ति को इस बीमारी ने घेर रखा है। कोरोना वायरस संक्रमण ने मधुमेह के रोगियों की सेहत पर बड़ा हमला बोला है। कोरोना काल में लोगों का रूटीन बिल्कुल बिगड़ गया है। ना खाने का टाइम है, न टहलने का और ना ही सोने का टाइम फिक्स है। ऐसे में लोग कई बीमारियों की गिरफ्त में आ जा रहे हैं। जिसमें डायबिटीज भी एक अहम बीमारी है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने का प्रतिकूल प्रभाव मधुमेह रोगियों पर पड़ा है। कोरोना और लोक डाउन के दौरान मॉर्निंग वाक पर लगाम लग गई। मॉर्निंग वॉक मधुमेह के मरीजों के लिए रामबाण है मगर कोरोना के कारण घूमना फिरना लगभग रुक गया है जिसका मधुमेह रोगियों की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कोरोना संक्रमण बच्चों को भी अपनी चपेट में ले रहा है। इंपीरियल कॉलेज लंदन के एक नए शोध में चैंकाने वाला तथ्य सामने आया है। जिससे दुनिया को नई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया है कि कोरोना काल में बच्चों में टाइप -1 डायबिटिज के मामले अचानक बढ़ गए हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि डायबिटीज से पीड़ित बच्चों की यह संख्या आमतौर पर आम दिनों में आने वाले डायबिटीज के मरीजों की संख्या से दोगुनी थी। स्वस्थ व्यक्ति में खाने के पहले ब्लड में ग्लूकोस का लेवल 70 से 100 एमजी डीएल रहता है। खाने के बाद यह लेवल 120-140 एमजी डीएल हो जाता है और फिर धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। बार-बार पेशाब लगना, ज्यादा प्यास और भूख लगना, जल्दी थकान और आखों की रोशनी कम होना, घावों का जल्दी नहीं भरना, अंगुलियों व पैर के अंगूठे में दर्द रहना, वजन कम होना, कमजोरी व अनिद्रा का शिकार होना आदि मधुमेह के प्रमुख लक्षण हैं। मधुमेह पहले अमीरों की बीमारी मानी जाती थी, लेकिन आज इसने हर उम्र और आय वर्ग को अपनी चपेट में ले लिया है। एक दशक पहले भारत में मधुमेह होने की औसत उम्र 40 साल थी, जो अब 25-30 साल हो चुकी है। भारत में मधुमेह रोगियों की स्थिति पर नजर डाले तो आकड़े बेहद भयानक और चैकाने वाले हैं। 1991 में भारत में मधुमेह रोगियों की संख्या 2 करोड़ के आस-पास थी जो 2006 में बढ़कर 4 करोड़ 20 लाख हो गईं। भारत में 2015 में लगभग 7 करोड़ लोग इससे पीडित थे। 2020 में यह संख्या आठ करोड़ को पार कर गई। अंतरराष्ट्रीय डायबिटीज फ़ेडरेशन की रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया में मधुमेह रोगियों की संख्या 2030 तक 55 करोड़ पार कर जाएगी। भारत को मधुमेह की खान कहा जाता है। मधुमेह रोग वैश्विक और गैर. संचारी महामारी का रूप धारण कर चुका है। भारत में व्यस्त एवं भागमभाग वाली जिंदगी, खानपान की खराबी तनावपूर्ण जीवन, स्थूल जीवन शैली, शीतल पेय का सेवन, धूम्रपान, व्यायाम कम करने की आदत और जंक फुड का अधिक सेवन, मोटापा के कारण मधुमेह का प्रकोप बढ़ रहा है। बच्चों का अब खेलकूद के प्रति रूझान घटना और मोबाइल कंप्यूटर खेलों की तरफ बढ़ना टीवी से चिपके रहना और जंक फूड खाने से बच्चे भी इस रोग के शिकार हो रहे हैं। मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जिससे गरीब और अमीर सभी वर्गों के व्यक्ति सामान रूप से प्रभावित है। मगर इसकी मार गरीबों पर सबसे ज्यादा पड़ती है। मधुमेह को खत्म तो नहीं किया जा सकता है पर उसे नियंत्रित अवश्य किया जा सकता है। इसके लिए कई इलाज है पर प्राकृतिक इलाज सबसे बेहतर है, जिसमे योग की बड़ी महत्ता है। रोज सुबह उठकर प्राणायाम, व्यायाम व आसन करने से इस पर नियंत्रण किया जा सकता है। मधुमेह वर्तमान में हमारी जिंदगानी का एक अहम् हिस्सा बन गयी है। यदि आपको मधुमेह है तो इससे डरने की कोई जरूरत नहीं है। जरूरत है तो सावधानी और सजगता की। खानपान और अपनी लाइफ स्टाइल में बदलाव की। आप डरेंगे तो यह आपको डराएंगी। मगर आप सावचेत रहे तो इसका मुकाबला आसानी से कर अपनी जिंदगी को बेहतर बना सकेंगे।

# किडनी और लिवर के लिए घातक है हीट स्ट्रोक

गर्मियों में काफी लोग हीट स्ट्रोक के शिकार हो जाते हैं। हीट स्ट्रोक एक गंभीर मामला है। इस स्थिति से पूरी तरह बचना संभव है, लेकिन हीट स्ट्रोक में जरा-सी लापरवाही मौत को न्योता दे सकती है। सबसे पहले समझते हैं कि हीट स्ट्रोक है क्या। कैसे ये शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करता है और किन तरीकों से इससे बचा जा सकता है।





## दिल, किडनी और लिवर ख़तरे में

तेज गर्मी से शरीर की मेटाबॉलिक एक्टिविटी यानी पेट से जुड़े अंगों के काम करने की क्षमता एकदम से बढ़ जाती है। इससे आमतौर पर ब्लड प्रेशर कम हो जाता है और तुरंत ही दिल पर इसका असर पड़ने लगता है, क्योंकि ऑक्सीजन का लेवल तेजी से कम होने लगता है। मेटाबॉलिज़्म बिगड़ने से शरीर में बेकार की चीजें को निकलने का मौका नहीं मिलता, जिससे किडनी और लिवर डैमेज होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में पेशेंट को आईसीयू में इलाज की जरूरत पड़ जाती है। यूरिन रुक जाने की हालात में किडनी तक फेल होने की संभावना बनी रहती है।

## जल्दी लक्षण समझें

शरीर का तापमान तेजी से बढ़ना, बहुत ज्यादा गर्मी लगना, सिरदर्द, थकान, पसीना न निकलना, चिड़चिड़ापन, चक्कर आना, जी मिचलाना, सांसों का तेजी से बढ़ना और घटना आदि हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण होते हैं।


कई बार एकाएक बेहोशी या दौरे जैसे हालात भी बन जाते हैं। हीट स्ट्रोक में पहला घंटा सबसे अहम होता है। इसके बाद जान को खतरा बढ़ता ही चला जाता है।

## मरीज़ की ऐसे कर सकते हैं मदद

कोई गर्मी के कारण बेहोश होता दिखे, तो उसे तुरंत पानी या इलेक्ट्रोलाइट्स का घोल पिलाएं। बेहोश हो गया हो, तो तुरंत उसके सिर, हाथ, बगलों और तलवों पर ठंडे पानी में भिगोया कपड़ा रखें।


उसे छांव में ले जाएं। हो सके तो बर्फ के पानी की पट्टियां रखें। ये सारे फर्स्ट एड हैं, इसलिए अस्पताल ले जाने में जरा भी देर न करें। मौसम कोई भी हो, थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पिलाते रहें। लंबे समय तक धूप में काम करने वालों को चाहिए कि बीच-बीच में किसी ठंडी जगह पर जाकर दो मिनट शरीर को आराम देते रहें।

## दो तरह से होता है प्रभाव




हीट स्ट्रोक उन लोगों को जल्दी प्रभावित करता है, जो बिना किसी सुरक्षा उपाय के धूप में या बहुत ही गर्मी में लंबे समय तक रहते हैं। इनमें जिम में एक्सरसाइज करने वाले लोग भी शामिल हैं। सड़क पर काम करने वाले और किसी भट्ठी पर काम करने वाले मज़दूरों को हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा होता है। एक दूसरी तरह के हीट स्ट्रोक का अटैक अमूमन उन लोगों पर होता है, जिनका शरीर बदलते तापमान के हिसाब से जल्दी एडजस्ट नहीं होता। इसमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग और वे लोग शामिल हैं, जो किसी लंबी बीमारी से जूझ रहे होते हैं।

# हैप्पी ओल्ड एज के स्मार्ट टिप्स



'जियो और जीने दो' के सिध्दांत को स्थापित रखने का प्रयास करें। जीवन के हर क्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण सतर्क रहें। आवश्यक चैकअप समय-समय पर कराते रहें। जहां तक संभव हो प्रौढ़ावस्था में ही अपनी वृध्दावस्था की तैयारी आरंभ कर दें। अपना बैंक-बैलेंस और आभूषणों को भविष्य में आने वाले समय के लिए सुरक्षित रखें। अपना सब कुछ बांटने और देने की भूल, भूलकर भी न करें। व्यस्त और सक्रिय रहने का प्रयास करें। इसके लिए नियमित रूप से समय के साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। आपका स्वभाव जितना अच्छा होगा, उतना ही आपका बुढ़ापा अच्छा कटेगा। इस बात का विशेष ध्यान रखें। युवा पीढ़ी से ही नहीं, बल्कि किसी अन्य से भी अधिक उम्मीदें कभी न रखें। नौकरी से अवकाश के उपरांत घर पर व्यर्थ न बैठें और न ही आत्मकेन्द्रित बनें, बल्कि समाज व सामाजिक कार्यों के प्रति अपना सक्रिय योगदान दें। आज की आधुनिक जीवनशैली में बहुत आवश्यक है आपका समय के साथ चलना, इसलिए समय के साथ-साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। दूसरे के काम आने का प्रयास करें, इससे आपको भी आत्मसंतुष्टि मिलेगी और दूसरे भी आपसे खुश रहेंगे। इस अवस्था में आप अपनी रुचि व इच्छा के वे सभी कार्य करें, जो आप अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए न कर सके थे। नकारात्मक विचारों को मन में स्थान न दें। सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर सुख-दु:ख को जीने का प्रयास करें। स्वयं में आत्मबल का विकास करें। हर विपरीत परिस्थिति में अपना संयम न खोयें, बल्कि धैर्य और शान्ति से बुरे समय के निकल जाने का इन्तजार करें।

# न्यूरोपैथिक दर्द से पाएं राहत



न्यूरोपैथिक पेन एक जटिल और लंबे वक्त तक चलने वाला दर्द है। यह दर्द क्षतिग्रस्त व ठीक तरह से काम न करने वाले या चोटिल स्नायु (नर्व) फाइबर्स के कारण पैदा होता है।

## उपचार

न्यूरोपैथिक दर्द के कारण को चिन्हित करते हुए चिकित्सा करना। डीकम्प्रेशन मिनिमल इन्वेसिव सर्जरी के जरिये तंत्रिका पर पड़ रहे दबाव को हटाना। रीढ़ या आसपास के भाग में नर्व ब्लाक इंजेक्शन- के जरिये चिकित्सा करना।

## लक्षण

सुइयां जैसी चुभना, जलन होना, त्वचा का सुन्न पड़ जाना और तेज दर्द होना इस रोग के लक्षण हैं। इसके अलावा बिजली के करेंट जैसा झटके के साथ दर्द होना और चींटियां जैसा काटने का अनुभव होना न्यूरोपैथिक दर्द के लक्षण हैं।

## कारण

न्यूरोपैथिक दर्द के कुछ सामान्य कारणों में शराब का अत्यधिक सेवन, डाइबिटीज होना, एचआईवी संक्रमण, रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन और पैर व कमर संबंधी समस्या को शामिल किया जाता है।

## डायग्नोसिस

न्यूरोपैथिक दर्द का पता लगाने के लिए डॉक्टर शारीरिक जांच करते हैं। आपके स्नायुओं (नर्व्स) को नुकसान पहुंचा है या नहीं, यह पता लगाने का सबसे सामान्य तरीका है- इलेक्ट्रोमायोग्राम के साथ नर्व कंडक्शन स्टडी। सियोमीटर जांच।

## गलत धारणाएं और तथ्य

केवल डाइबिटीज से ग्रस्त व्यक्तियों को ही न्यूरोपैथिक दर्द होता है।

इस तरह की धारणा गलत है। सच तो यह है कि डाइबिटीज से ग्रस्त व्यक्तियों में न्यूरोपैथिक समस्या सामान्य रूप से पायी जाती है, लेकिन कीमोथेरेपी लेने वाले, किसी तरह की चोट या बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों, ऐसे व्यक्ति जिनका कोई अंग-भंग हो गया हो, उन्हें भी न्यूरोपैथिक दर्द हो सकता है। बढ़ती उम्र के साथ भी न्यूरोपैथिक दर्द हो सकता है।

## रोकथाम

तंत्रिकाओं (नर्व्स) का दर्द कम करने के लिए डाइबिटीज पर नियंत्रण रखें। नशे से दूर रहें और व्यायाम करें।

व्यायाम से पैरों और पंजों के स्नायुओं में रक्त संचार ठीक तरह से होता है।

**व्यायाम**- उंगलियों और हाथों को गोल-गोल घुमाएं, पूरे शरीर की मांसपेशियों को स्ट्रेच करें।

**खान- पान:** में साबुत अनाज, विटामिन सी युक्त फल और हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर और पौधों से प्राप्त वसा का सेवन लाभकारी है।

# क्यों उठ रहा है दिमाग में

**बीते दिनों नेपाल और भारत में आए भूकंप के बाद तमाम लोग डॉक्टरों और मनोरोग विशेषज्ञों के पास गए। इनमें से ज्यादातर लोगों की प्रमुख शिकायत थी कि भूकंप के गुजर जाने के बाद वे बेचैनी महसूस कर रहे हैं...। किसी का कहना था कि उन्हें ढंग से नींद नहीं आ रही है कि पता नहीं कब भूकंप के झटके महसूस होने लगे। किसी-किसी का कहना था कि उन्हें अभी भी कभी-कभी यह महसूस होता है कि जमीन हिल रही है...आदि।**



## पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर

इस संदर्भ में नई दिल्ली के वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अचल भगत कहते हैं कि मेरे पास उपर्युक्त समस्याओं के बाबत लोग आए। असल में दो तरह के लोग होते हैं, एक तो वे जिन्हें भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति हुई। ऐसे लोग एक मनोरोग- पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिस्आर्डर- से ग्रस्त हो सकते हैं। ऐसे लोगों में घबराहट बहुत ज्यादा होती है। उनके दिमाग में पुरानी घटनाओं का फ्लैश बैक चलता रहता है।

## बचें कैटेस्ट्रॉफिक थिंकिंग- से

जिन लोगों का भूकंप से नुकसान नहीं हुआ है और वे तब भी आशंकाग्रस्त व अत्यधिक भयग्रस्त हैं, तो उनकी इस सोच को मनोचिकित्सकीय भाषा में कैटेस्ट्रॉफिक थिंकिंग (हादसे से संबंधित सोच) कहा जाता है। इस संदर्भ में नई दिल्ली के एक अन्य वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. गौरव गुप्ता कहते हैं कि भूकंप के बाद तमाम लोगों के मन में डर अपनी जड़ें जमा लेता हैं। धीरे-धीरे यह भय एंग्जाइटी (बेचैनी) में बदल जाता है।

## इलाज

कोई व्यक्ति भूकंप के गुजरने के बाद भी बेचैनी महसूस कर रहा है, तो वह मनोरोग विशेषज्ञ से काउंसलिंग व दवा ले। ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करें। किसी हॉबी में मशगूल हों। मन को बहलाने का प्रयास करें। ईश्वर का ध्यान करें। इससे आपका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ता है, मन की बेचैनी कम होती है और आप इस सत्य को समझने लगते हैं कि भगवान की मर्जी के आगे किसी की नहीं चलती। इसलिए स्वयं को नकारात्मक सोच के दायरे में रखना अपना ही नुकसान करना है।

## मायोपिया से बचने के लिए टीवी कम देखें

बात जब मनोरंजन की हो, तो अपने बच्चे को स्क्रीन देखने से ज़्यादा आउटडोर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। यह मायोपिया से बचाव का की फैक्टर हो सकता है। अनुमान है कि भारत में हर तीन में से एक व्यक्ति मायोपिया का शिकार है और बच्चों में यह समस्या बढ़ रही है। एम्स के शोधकर्ताओं के अनुसार भारत में 12 साल की उम्र के आठ बच्चों में से एक को ब्लैकबोर्ड पढ़ने के लिए चश्मा लगता है। इस अध्ययन में दिल्ली के सरकारी और निजी स्कूलों के करीब 10 हज़ार छात्रों की समीक्षा की गई और पाया गया कि 11.6 साल की औसत उम्र के 13.1 फीसदी बच्चे निकट दृष्टि दोष के शिकार हैं। हालांकि अब तक सूरज की रोशनी और मायोपिया का संबंध स्थापित नहीं किया जा सका है लेकिन कई ताज़ा अध्ययनों की दलील है कि सूरज की रोशनी इस रोग से बचाव में मदद करती है। शोधकर्ता कहते हैं कि इस रोग के लिए जीन्स की भूमिका भी हो सकती है। यूरोप और एशिया के 45 हज़ार लोगों पर किये जा रहे एक बड़े अध्ययन में सामने आया है कि दृष्टि से 24 जीन्स का संबंध है जिनमें से 2 इस रोग के कारण से जुड़े हैं। जिन लोगों में ये जीन्स होते हैं उनमें मायोपिया होने की आशंका 10 गुना बढ़ जाती है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे उन बच्चों में मायोपिया के मामले ज़्यादा देखे गये, जिनके अभिभावक या भाई-बहन इस रोग से ग्रस्त हैं या जो उच्च आय वाले परिवारों से संबंधित हैं। यह आनुवांशिकी को नहीं दर्शाता लेकिन कुछ ऐसी गतिविधियों को इंगित करता है जो नेत्र संबंधी समस्या से जुड़ी हैं जैसे टीवी या स्क्रीन गैजेट्स आदि का प्रयोग। शोधकर्ताओं ने पाया कि उन बच्चों में मायोपिया सबसे ज़्यादा पाया गया जो दिन में पांच घंटे से ज़्यादा पढ़ते हैं या टीवी, कंप्यूटर, वीडियो व मोबाइल गेम्स आदि पर रोज़ दो घंटे से ज़्यादा समय बिताते हैं।

# स्त्रियों में कुपोषण की समस्या



कुपोषण का अर्थ है पोषण की कमी। पोषण मिलता है उचित आहार-विहार द्वारा। जब अनुचित या मिथ्या आहार-विहार किया जाता है तो प्राय: शरीर में किसी न किसी पदार्थ की कमी होना स्वाभाविक है एवं उस पदार्थ की कमी विभिन्न लक्षणों के रूप में व्यक्त हो कर शरीर को रोगी बना देती है। कुपोषण स्त्री, पुरूष व बच्चे किसी में भी पाया जा सकता है। यहां हम चर्चा करेंगे स्त्रियों में कुपोषण की समस्या पर। आज यह एक ज्वलंत समस्या बन कर खड़ी है। बढ़ती महंगाई व बढ़ती जनसंख्या एवं घटते संसाधनों के कारण यह समस्या निरंतर दुःखदायी बनती जा रही है। स्त्री चूंकि परिवार व समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है- अत: उसका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। रोगिणी या कमजोर स्त्री का परिवार कभी सुखी नहीं हो सकता। अत: यह समस्या केवल शारीरिक ही नहीं अपितु सामाजिक समस्या भी है। लक्षण : कुपोषण होने पर प्राय: शारीरिक कमजोरी, मानसिक अवसाद, खून की कमी, शरीर का पीला या सफेद पड़ना, आंखों के चारों ओर कालिमा होना, आंखें गड्ढे में धंसी दिखाई पड़ना, भूख की कमी, थोड़े प्रयास से भी श्वास चढ़ना, चक्कर आना, इसके अलावा किसी विशेष विटामिन या आयरन, प्रोटीन व मिनरल की कमी से होने वाले विशेष लक्षण दिखलाई पड़ते हैं। प्रोटीन की कमी के कारण मांसपोशियों का कमजोर होना और यकृत का ठीक से कार्य न करना, विटामिन ए की कमी से आंखों का कमजोर व बीमार होना पाया जाता है।

**विटामिन बी:**की कमी से विकार व नाड़ी विकार होते हैं।

**विटामिन सी:** की कमी होने पर विभिन्न अस्थि रोग होते हैं। इसी प्रकार अन्य अनेक रोगों से शरीर ग्रस्त हो जाता है।

**कारण:** कुपोषण के अनेक कारण हैं, इनमें से कुछ निम्न प्रकार से हैं। गरीबी, भुखमरी, अपर्याप्त भोजन लेना। गलत भोजन का चयन अर्थात् ऐसा भोजन जिसमें विटामिन-मिनरल या अन्य पोषक पदार्थों का अभाव हो अर्थात् असंतुलित भोजन। आवश्यकता से अधिक भोजन लेना अपच पैदा कर कुपोषण का कारण बनता है।

एक ही प्रकार के विटामिन की अधिकता युक्त भोजन लेना। प्राकृतिक विषमताजन्य पदार्थ जैसे वनस्पतियों के बीज, पीतल, अल्यूमीनियम के बर्तनों में पका खाना। कुसमय भोजन करना, भोजन के प्रति लापरवाही बरतना। सस्ते के चक्कर में नीम-हकीमों की सलाह लेना। गरीबी, ईर्ष्या, घर की सफाई पर ध्यान देना। किसी दिमागी या शारीरिक रोग की वजह से भूख न लगना। कट्टर शाकाहारी होना।

नशेड़ी होना। गर्भावस्था के दौरान, स्तनपान के दौरान। कड़ा परिश्रम करने वालों में खासकर ठंडे प्रदेश में सामान्य खुराक पर्याप्त नहीं होती। कभी-कभी किन्हीं रोगों के कारण भी कुपोषण की समस्या उत्पन्न होती है। लंबी अवधि तक किसी शल्य कर्म के कारण ग्लूकोस का चढ़ना। लंबी अवधि तक एंटीबायोटिक लेने से आंतों के बैक्टीरिया की क्रियाशीलता का कम होना। नेफ्रोटिक सिंड्रोम में प्रोटीन का मूत्र द्वारा बाहर निकल जाना प्रोटीन की कमी का कारण बनता है। डायबिटीज में ग्लूकोज का अधिक मात्रा में मूत्र में आना।

अधिक माहवारी होना लौह तत्व की कमी का कारण बनता है। अतिसार या दस्त आना पोटेशियम की कमी करता है। इस प्रकार उपरोक्त कारणों में से कोई एक कारण भी कुपोषण पैदा कर सकता है। उपरोक्त लक्षणों की जानकारी हासिल कर लेने के पश्चात आप स्वयं भी इसका निर्णय कर सकते हैं कि कहीं आप कुपोषण से ग्रस्त तो नहीं हैं? घर की व घर के अन्य सदस्यों की देखभाल करने में स्त्रियां प्राय: अपनी स्वयं की ओर ध्यान नहीं दे पाती। काम निपटाकर हीं भोजन करने की प्रवृत्ति उन्हें रोगी बना सकती है परन्तु उन्हें अपनी इस आदत को त्यागकर अपना ध्यान अवश्य रखना चाहिए। ऐसा न हो कि कुपोषण का छोटा स्वरूप भी कहीं किसी गंभीर रोग में तब्दील हो जाए। यदि उपरोक्त एक भी लक्षण आपको स्वयं में दिखाई दे तो समय नष्ट किए बिना चिकित्सक से परामर्श लें व उचित उपचार में लापरवाही न बरतें।

## टी20 क्रिकेट विश्व कप : सेमीफाइनल मुकाबलों में आज बारिश के आसार

# भारत के सामने नॉकआउट की पहेली इंग्लैंड से बदला चुकता करने का मौका

**भारत ने 11 साल से नहीं जीती है आईसीसी की कोई ट्राफी**

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन

आक्रामक बल्लेबाजी रवैए के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थी तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था। एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रूढ़िवादी रवैए को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है।

प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है। स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है। दिलचस्प बात यह है कि आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। उस दिन वेस्टइंडीज ने युगांडा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की थी। इससे क्यूरेटर को इस हाई प्रोफाइल मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया।



### 17 साल से खिताब का सूखा

भारतीय टीम ने आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। टूर्नामेंट के डेब्यू सीजन में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 रन से हराया था। रोहित शर्मा भी इस विजेता टीम का हिस्सा थे। ऐसे में अब रोहित की नजर 17 साल का सूखा खत्म करने पर है। दूसरी ओर भारत ने 11 साल से आईसीसी की कोई ट्राफी नहीं जीती है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्राफी जीती थी।

### मैच रद्द होने पर भारत खेलेगा फाइनल

अगर बारिश के कारण टी20 विश्व कप 2024 में भारत बनाम इंग्लैंड का दूसरा सेमीफाइनल मैच धुल जाता है तो भारतीय टीम को फायदा होगा। दरअसल, भारत ने ग्रुप स्टेज और सुपर-8 में अपने सभी मैच जीते हैं। सुपर-8 में भारत ने अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज की है। उनके खाते में छह अंक हैं जबकि इंग्लैंड के खाते में चार अंक हैं। इस आधार पर भारत फाइनल के लिए आसानी से क्वालिफाई कर लेगी।

### मैच पर बारिश का साया



भारत बनाम इंग्लैंड मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, गयाना में सुबह 70 प्रतिशत बारिश की संभावना है। वहीं, तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में प्रवेश कर लेगी। हालांकि, मैच के दिन बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। ऐसे में यह मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

### द.अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होगी ऐतिहासिक जंग





तारोबा। टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था। अफगानिस्तान इससे पहले कभी विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं खेला और दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया।

यूरो 2024

## गोलरहित ड्रॉ के साथ इंग्लैंड और स्लोवेनिया नॉकआउट में



एजेंसी ▶▶| कोलोन

इंग्लैंड ने यहां स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप सी के विजेता के रूप में यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। मंगलवार को कोलोन स्टेडियम में हुआ मुकाबला ड्रॉ खेलकर स्लोवेनिया की टीम भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही जबकि क्रोएशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इंग्लैंड और स्लोवेनिया के बीच हुए मुकाबले में गोल करने में काफी अधिक मौके नहीं बने। इंग्लैंड के स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर के पास हालांकि इंजरी टाइम में टीम के जीत दिलाने का मौक था लेकिन उनके शॉट को स्लोवेनिया के गोलकीपर यान ओबलाक ने रोक दिया। इंग्लैंड की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली एक टीम से भिड़ेगी। ग्रुप डी में काइलियान एमबाप्पे ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मैच में नाक में फ्रेक्चर के बाद मास्क लगाकर खेलने उतरे और उन्होंने गोल भी दागा लेकिन इसके बावजूद फ्रांस को पोलैंड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।

### अर्जेन्टीना ने चिली को 1-0 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड। लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है।

### 1-0 से जीता कनाडा

कन्सास सिटी। जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है।

---

### खबर संक्षेप



#### जर्मनी में अभ्यास करेंगे पांच भारतीय मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल को छोड़कर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पांच अन्य भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में एक महीने तक चलने वाले अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। यह अभ्यास शिविर 28 जून से शुरू होगा जिसमें विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सहित पांच भारतीय मुक्केबाज आयरलैंड, अमेरिका, मंगोलिया, जर्मनी और डेनमार्क की राष्ट्रीय टीमों के साथ जर्मनी के सारब्रुकेन के ओलंपिक केंद्र में अभ्यास करेंगे।

#### भारत में बनेंगे 100 पिकलबॉल कोर्ट

**मुंबई।** पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए अगले दो साल में अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ से मान्यता प्राप्त 100 कोर्ट बनाए जाएंगे।



एआईपीए और पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे द्वारा स्थापित डिजिटल प्लेटफॉर्म 'खेलोमोर' के बीच घोषित साझेदारी के अंतर्गत इन कोर्ट को बनाने के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया जाएगा। परांजपे ने कहा, 'एआईपीएल पिकलबॉल के लिए वही है जो भारतीय क्रिकेट के लिए बीसीसीआई है। हमें यकीन है कि यह साझेदारी भारत में इस खेल को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।'

#### एशियाई खेलों में योग को शामिल करने की वकालत

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को एशियाई खेलों के कार्यक्रम में योग को शामिल करने की वकालत की क्योंकि भारत इसकी लोकप्रियता को बढ़ाना चाहता है। एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह को लिखे पत्र में इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने महाद्वीप के खेल समुदाय से एशियाई खेलों के कार्यक्रम में योग को शामिल करने का आग्रह किया।



## ओलंपिक : हरमनप्रीत सिंह को भारतीय हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया।

टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा।



#### टीम इस प्रकार


**गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय
**मिडफील्डर:** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद
**फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह
**वैकल्पिक खिलाड़ी :** नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक ।

## पीजीटीआई के अध्यक्ष बने कपिल

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। पैंसठ वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है।



## सूर्यकुमार को पछाड़कर नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हेड



एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है।

हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे।

पेरिस ओलंपिक

## जूडोका तूलिका ने हासिल किया ओलंपिक कोटा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तूलिका मान ओलंपिक में जगह बनाने को लेकर सुनिश्चित नहीं थी लेकिन अब पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने के बाद इस भारतीय जूडो खिलाड़ी को पदक जीतने की उम्मीद है और उन्होंने कम से कम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में जगह बनाने को लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की तूलिका ने मंगलवार को 78 किग्रा से अधिक वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल किया। तूलिका ने साइ मीडिया से कहा, 'जूडो हमेशा से ही हैरान करने वाली चीजों से भरा रहा है और कोई नहीं जानता कि कब क्या हो जाए।

इसलिए कोई नहीं जानता कि उस दिन क्या होगा। देखिए कैसे मैंने पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। लेकिन अपनी ट्रेनिंग को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगर मैं फाइनल में जगह नहीं भी बना पाई तो कम से कम कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंचूंगी। हम स्वर्ण पदक के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं।'

### तैराक नटराज, देसिंघु की ओलंपिक में खेलने की पुष्टि



**नई दिल्ली।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और धीनिधि देसिंघु 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस क्वालिफिकेशन प्रणाली' के जरिए पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। अगर किसी देश का कोई तैराक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाता तो इस प्रणाली के जरिए देश अपने दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले तैराकों के नाम की सिफारिश इन प्रतिष्ठित खेलों के लिए कर सकता है। भारतीय तैराकी महासंघ ने दोनों वर्ग (महिला और पुरुष) के लिए 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस' का दावा किया क्योंकि कोई भी भारतीय तैराक पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया। एसएफआई के महासचिव मोनल चोकसी ने बताया, 'किसी भी भारतीय तैराक ने सीधे क्वालीफिकेशन हासिल नहीं किया इसलिए एसएफआई ने दोनों वर्ग के लिए 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस' का दावा किया।

## मप्र स्टेट जूनियर फुटबॉल चैंपियनशिप आज से

### मदन महाराज ग्राउंड पर होंगे मुकाबले

▶▶| भोपाल

डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन द्वारा माध्यम प्रदेश अंडर 17 बॉयज नार्थ जोन फूटबॉल चैंपियनशिप 27 जून से मदन महाराज फुटबॉल ग्राउंड कालू खेड़ी पर आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में मप्र प्रदेश नार्थ जोन की डीएफए भोपाल सहित 8 टीमें भाग ले रही हैं।

#### दो ग्रुप्स में खेली जाएगी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता 2 ग्रुप्स में खेली जाएगी। जिसमें ग्रुप ए में डी.एफ.ए सीहोर, डी.एफ.ए नर्मदापुरम,डी.एफ.ए ग्वालियर, डी.एफ.ए श्योपुर की टीमें खेलेंगी। वहीं ग्रुप बी में डी.एफ.ए भोपाल, डी.एफ.ए शिवपुरी, डी.एफ.ए विदिशा, डी.एफ.ए मुरैना की टीम खेलेंगी। पहला मैच 1 बजे से डीएफए नर्मदापुरम एवं डीएफए श्योपुर के मध्य खेला जाएगा।

#### भोपाल के खिलाड़ियों को होगा फायदा

आयोजन सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि स्टेट चैंपियनशिप को भोपाल में आयोजित करने से सीधा फायदा भोपाल के खिलाड़ियों को मिलेगा। आयोजन समिति में अनिल तंवर, गरुविंदर सिंह, अमित भटचार्य, रिजवान एवं मीडिया प्रभारी तनवीर दाद होंगे।

## धड़कन, राजवीर और अनुज भूटान में करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

।▶▶| भोपाल

साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप 2024 का आयोजन थिम्पू (भूटान) में 15 से 20 जुलाई तक किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में खेल अकादमी की कराते खेल के 3 खिलाड़ी और 1 प्रशिक्षक भारतीय टीम में चयनित हुए हैं।

भूटान में आयोजित इस प्रतियोगिता में मप्र राज्य मार्शल आर्ट कराते अकादमी के खिलाड़ी कु. धड़कन शाह कुमीते (-53 किग्रा), राजवीर सिंह कुमीते (-55 किग्रा), अनुज गोस्वामी कुमीते (-55 किग्रा) भारवर्ग और प्रशिक्षक दीपक सिंह नरवरिया भारतीय कराते टीम में चयनित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 8 से 12 मई तक देहरादून में आयोजित कैडेट जूनियर एवं अन्डर-21 सीनियर नेशनल कराते चैम्पियनशिप में मप्र ओवरऑल राष्ट्रीय चैम्पियन बना। इसी प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ी कु. धड़कन शाह, राजवीर सिंह और अनुज गोस्वामी द्वारा स्वर्ण पदक अर्जित करने पर तीनों खिलाड़ियों को साउथ एशियन, कराते चैम्पियनशिप भूटान के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।



यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संचालक खेल और युवा कल्याण के प्रयास से राज्य कराते अकादमी कोविड के उपरांत पुनः प्रारंभ हुई थी। हाल ही में कराते में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय चैम्पियन भी बना। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु तीनों खिलाड़ी 10 जुलाई को भोपाल से थिम्पू (भूटान) जाएंगे। सभी तीनों खिलाडी अकादमी के प्रशिक्षक, हर्षित विश्वकर्मा और दीपक सिंह नरवरिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं।

### नाटकीय चोट का अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन ने किया समर्थन

## नायब की चोट विश्व कप मैच जीतने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को लगता है कि बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के गुलबदीन नायब का मैदान पर नाटकीय चोट का दिखावा जायज था क्योंकि यह उनकी टीम के लिए 'करो या मरो' के जरूरी सुपर आठ मैच में हुआ।

नायब स्लिप कॉर्डन में क्षेत्ररक्षण कर रहे थे और 12वें ओवर में अपनी जांघ को पकड़ते हुए पीठ के बल गिर पड़े। उसी समय कोच जोनाथन ट्रॉट ने बारिश के कारण खेल को धीमा करने का संकेत किया था। अश्विन ने अपने 'यूट्यूब चैनल' पर कहा, 'जोनाथन ट्रॉट ड्रेसिंग रूम से खेल की गति धीमी करने का इशारा कर रहे थे और इसके बाद नायब मैदान पर ऐसे गिर गए जैसे टूटे हुए पेड़ की शाखा। हर कोई कह रहा है कि उन्हें इसके लिए सजा दी जाएगी। लेकिन समस्या क्या है? वह अपने देश के लिए खेल रहा है और 'करो या मरो' विश्व कप क्वालीफायर जीतने की कोशिश कर रहा है।' आईसीसी की खेलने के नियमों के अनुसार, 'जानबूझकर या बार बार समय बर्बाद करने की रणनीति के लिए खिलाड़ी पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। लेकिन इस मामले में मैच रेफरी के पहली और अंतिम चेतावनी के कारण नायब बच सकते हैं।'



### हंसते-हंसते आंखों में आंसू आ गए: मार्श

*ग्रॉस आइलेट। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदिन नायब के बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान ऐंठन की नाटकीय शिकायत के मजाकिया पक्ष को देखा और इसे क्रिकेट के मैदान पर अब तक देखी गई 'सबसे मजाकिया चीजों में से एक' करार दिया। मार्श ने 'क्रिकेट.कॉम.एयू' से कहा, 'हंसते-हंसते मेरी आंखों में आंसू आने लगे थे और अंततः इसका खेल पर कोई असर नहीं पड़ा। इसलिए अब हम इस पर हंस सकते हैं- लेकिन यह मजेदार था। यह शानदार था।'*

# पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि समेत बचत योजनाओं की ब्याज दरों में वृद्धि संभव!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीपीएफ और दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार निवेशकों को सौगात दे सकती है। 28 जून, 2024 को वित्त मंत्रालय वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के लिए सरकारी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर एलान करेगी।

छोटी बचत योजनाओं पर पहली तिमाही में वहीं ब्याज दिया गया जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथाई तिमाही में दिया गया। तब देश में लोकसभा चुनावों के चलते आचार संहिता लगा हुआ था। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है। ऐसे में वो निवेशक जो इन योजनाओं में अपनी गाढ़ी कमाई निवेश करते हैं उन्हें सरकार तोहफा दे सकती है।

## एनडीए सरकार 28 जून को निवेशकों को दे सकती है सौगात

### पीपीएफ के निवेशक मायूस

सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी थी। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया। इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। खासतौर से पब्लिक प्रॉविडेंट फंड यानि पीपीएफ के निवेशकों को फिर से मायूसी हाथ लगी है।




### पीपीएफ निवेशकों को मिलेगी सौगात!

इन सभी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पिछले कुछ तिमाही में बढ़ाई गई है लेकिन पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। आरबीआई की ओर से पॉलिसी रेट में बदलाव के आसार मौजूदा वर्ष 2024 में नजर नहीं आ रहे क्योंकि खाद्य महंगाई राह में रोड़ा बना हुआ है। ऐसे में पीपीएफ पर ब्याज दरें बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### दूसरे सेविंग योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ी

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही से ही पब्लिक प्रॉविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पीपीएफ पर निवेशकों को 7.1 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। जबसे डिपॉजिट्स पर ब्याज दरें बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है तब से सरकार ने सभी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा सेविंग डिपॉजिट पर 4 फीसदी, 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज और 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ब्राजील में बजाज ऑटो का विनिर्माण संयंत्र शुरू



**मुंबई।** बजाज ऑटो ने ब्राजील में एक नई उत्पादन सुविधा के उद्घाटन की बुधवार को घोषणा की। बजाज ऑटो लिमिटेड की ओर से जारी बयान के अनुसार, संयंत्र पूर्वोत्तर शहर मनौस (ब्राजील) में 9,600 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित किया गया है। यह इंजन तथा वाहन असेंबली के साथ-साथ परीक्षण सुविधाओं से लैस है।

### बिड़ला टेक्सास के आरएंडडी केंद्र पर करेगी निवेश



**वाशिंगटन।** आदित्य बिड़ला समूह ने टेक्सास में विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र में पांच करोड़ अमरीकी डालर के निवेश की घोषणा की है। आदित्य बिड़ला समूह के बिक्री एवं विपणन के उपाध्यक्ष स्कॉट बैस्टियन ने कहा कि कंपनी ह्यूस्टन के बाहर टेक्सास के ब्यूमोंट शहर में पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी।

### एक्मे फिनट्रेड का शेयर छह फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड का शेयर 120 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब छह प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 4.75 प्रतिशत उछाल के साथ 125.70 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 9.95 प्रतिशत चढ़कर 131.95 रुपये पर पहुंच गया।

### अशोक लेलैंड की मप्र में नई एलसीवी डीलरशिप स्थापित




**चेन्नई।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने अपने विस्तार अभियान के तहत मध्य प्रदेश में अपने हल्के वाणिज्यिक वाहन प्रभाग के लिए एक नई डीलरशिप का उद्घाटन किया है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा, छिंदवाड़ा में नई हल्के वाणिज्यिक वाहन डीलरशिप 'सुनील मोटोकॉर्प' मध्य प्रदेश में 8वीं 3एस (बिक्री, सेवा व कलपुर्जा) सुविधा है।

### रुपया 14 पैसे टूटकर 83.57 प्रति डॉलर



**मुंबई।** कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने के कारण बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.57 के भाव पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयरों में मजबूती के रुख से रुपये को समर्थन मिला तथा इसकी तेज गिरावट पर अंकुश लग गया।

### एसबीआई जनरल में झा सीईओ नियुक्त




**नई दिल्ली।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने नवीन चंद्र झा को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए बताया कि उन्हें इस पद के लिए मूल कंपनी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा नामित किया गया था। वह किशोर कुमार पोलुदासु का स्थान लेंगे। झा 1994 से एसबीआई से जुड़े थे और इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

### कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने जताई राय

# बजट में मानक कटौती दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाने पर हो विचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आगामी बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए

ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए। कंपनी ने कहा कि व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट/कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए।

### छूट सीमा 3.5 लाख रुपए किया जा सकता है

ईवाई ने नई सरकार के समक्ष नीतिगत प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जा सकता है या कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये किया जा सकता है।

सरकार को आगामी बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय जताई है।

*स्वैच्छिक कर अनुपालन की स्थिति बेहतर हुई : ईवाई ने कहा कि सरकार ने प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित कर अनुपालन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए कई स्वागतयोग्य कदम उठाए हैं। इनमें पहले से भरे गए रिटर्न, वार्षिक सूचना विवरण, कर भुगतान में आसानी, रिटर्न और रिफंड की तेज प्रक्रिया आदि हैं। इससे स्वैच्छिक कर अनुपालन की स्थिति बेहतर हुई है।*




- मूल कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख करने पर हो विचार
- सरकार को कर ढ़ांचे को सुव्यवस्थित करने पर देना होगा ध्यान

### 50 हजार की मानक कटौती प्रदान की जाती है

वर्तमान कर प्रणाली के तहत करदाता पुरानी व्यवस्था और कम दरों और नई रियायती व्यवस्था के बीच चयन कर सकते हैं। जहां पुरानी व्यवस्था में विभिन्न छूट और कटौती प्रदान की जाती है तो वहीं नई कर व्यवस्था में 50,000 रुपये की मानक कटौती प्रदान की जाती है लेकिन कोई छूट प्रदान नहीं की जाती है।

### होटल को बुनियादी ढांच का दर्जा दिया जाए

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने सरकार से सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने का अनुरोध किया है। एफएचआरएआई का मानना है कि इससे होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा मिल सकेगा।

### जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की मांग

अपनी बजट-पूर्व सिफारिश में एफएचआरएआई ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को युक्तिसंगत बनाने की भी मांग की है तथा सभी होटल पर 12 प्रतिशत की जीएसटी दर का प्रस्ताव रखा है। एफएचआरएआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने बयान में कहा, 'सभी शहरों में होटल और सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देना निवेश आकर्षित करने और आतिथ्य क्षेत्र में वृद्धि को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है।'

### होटल उद्योग में बजट खंड को मिले बढ़ावा

एफएचआरएआई ने कहा कि आतिथ्य महासंघ द्वारा वित्त मंत्रालय के समक्ष रखे गए प्रमुख अनुरोधों में से एक यह है कि 'सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिया जाए, ताकि होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा दिया जा सके।'

# दूरसंचार कंपनियों ने 11,300 करोड़ से अधिक मूल्य का स्पेट्रम खरीदा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन ही समाप्त हो गई
- 12 प्रतिशत से भी कम की बोलियां मिलीं

भारत की स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही समाप्त हो गई। इसमें दूरसंचार कंपनियों ने कुल मिलाकर 11,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कि सरकार द्वारा बिक्री के लिए रखी गई रेडियो तरंगों के अनुमानित मूल्य 96,238 करोड़ रुपये का 12 प्रतिशत से भी कम है।

नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज से 26 गीगाहट्र्ज के बीच कुल 10 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की गई। कुल 11,340 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। अनुमान है कि सात दौर की बोलियों में केवल 140-150 मेगाहट्र्ज ही बेचे गए हैं। नीलामी के पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगाई गईं। अधिकारियों ने पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे नीलामी समाप्त करने की घोषणा कर दी। इस 2024 की नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश की गई थी। इस बार स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां उम्मीद से बेहद कम मिलीं। बाजार पर्यवेक्षकों ने सीमित बोली की अपेक्षा ही की थी क्योंकि दूरसंचार कंपनियां मुख्य रूप से स्पेक्ट्रम नवीनीकरण पर और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए रेडियो तरंगों पर चुनिंदा रूप से ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

### होड में जियो, एयरटेल और वीआईएल रही

इस नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया (वीआईएल) उच्च गति मोबाइल सेवा को समर्थन देने वाली रेडियो तरंगों के लिए होड़ में रहीं। बोलियों का विस्तृत ब्योरा या दूरसंचार कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से दी गई सटीक राशि अभी स्पष्ट नहीं है।

# सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

एजेंसी ⏭ मुंबई



- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी
- रिलायंस खरीदारी से नई ऊंचाई पर पहुंचा

एशियाई बाजारों में तेजी के रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को नई ऊंचाई पर पहुंच गए।

दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। इस दौरान निवेशकों की पूंजी में कुल 2.53 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़कर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान एक समय यह 705.88 अंक बढ़कर 78,759.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़: सेंसेक्स की कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर नुकसान में रहे।*

*रिलायंस चार प्रतिशत चढ़ा : शेयर बाजारों के रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर चार प्रतिशत चढ़ गया। इससे कंपनी का बाजार मूल्यांकन 20 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। बाजार की दिग्गज कंपनी का शेयर बीएसई में 4.09 प्रतिशत बढ़कर 3,027.40 रुपये पर बंद हुआ।*

## एसबीआई ने बांड से 10,000 करोड़ जुटाए




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बांड के जरिये 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर जुटाई है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं। इसे 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग चार गुना अधिक अभिदान मिला। बैंक ने कहा कि उसे कुल 143 बोलियां मिलीं, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बांड के माध्यम से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

# एलटीआईमाइंडट्री एलटीटीएस के चेयरमैन पद से हटे नाइक

**नई दिल्ली।** एलटीआईमाइंडट्री और एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के चेयरमैन ए एम नाइक ने इस्तीफा देने का फैसला किया है। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को दी अलग-अलग सूचनाओं में कहा कि उनकी जगह पर एस एन सुब्रमण्यन को नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

- सुब्रमण्यन नए प्रमुख नियुक्त
- दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को दी सूचना

उनकी नियुक्ति 27 जून से प्रभावी होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि नाइक (एएमएन) कंपनी के संस्थापक चेयरमैन रहे हैं और उन्होंने एलटीआईमाइंडट्री को एक ऐसे वैश्विक समूह में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसका अपने परिचालन वाले क्षेत्रों में प्रभुत्व है। एलटीआईमाइंडट्री ने कहा, 'ए एम नाइक ने 26 जून, 2024 को कंपनी की 28वीं वार्षिक आम बैठक के अंत में चेयरमैन पद से हटने का फैसला किया है। एलटीआईमाइंडट्री के निदेशक मंडल ने 26 जून, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वाइस चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन को 27 जून, 2024 से चेयरमैन नियुक्त किया है।'

### नवाचार पर दिया जोर

कंपनी ने बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने कंपनी में नाइक के अद्वितीय योगदान की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में शेयरधारक मूल्य सृजन में उछाल आया। कंपनी ने कहा, 'उन्होंने प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और नवाचार पर जोर देकर लगातार संभावनाओं को आगे बढ़ाया।'

# वेदांता रिसोर्सेज भारतीय इकाई में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- अर्जित राशि से कंपनी अपने बकाया कर्ज का पुनर्भुगतान करेगी
- कंपनी चालू वित्त वर्ष में कर्ज में 65 करोड़ डॉलर से अधिक कटौती करेगी

वेदांता रिसोर्सेज ने बुधवार को कहा कि वह कर्ज में कटौती और अपनी विस्तार योजनाओं का समर्थन करने के लिए मुंबई में सूचीबद्ध खनन समूह में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी।

वेदांता रिसोर्सेज अपनी इकाई फिनसाइडर इंटरनेशनल के माध्यम से हिस्सेदारी की बिक्री करेगी। इसके पास वेदांता लिमिटेड में 2.63 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) की अनुषंगी फिनसाइडर इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड ने मंगलवार शाम अपने एक बैंक की तरफ से आए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जिसमें प्रतिष्ठित संस्थागत निवेशकों के एक समूह को वेदांता लिमिटेड में 2.6 प्रतिशत शेयरधारिता बेचने की बात कही गई है। इस शेयर बिक्री से अर्जित राशि से कंपनी अपने बकाया कर्ज का पुनर्भुगतान करेगी। इस तरह वेदांता रिसोर्सेज चालू वित्त वर्ष में अपने कुल कर्ज में 65 करोड़ डॉलर से अधिक की कटौती कर सकेगी। शेयर बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि एक थोक सौदे में वेदांता लिमिटेड के 18.5 करोड़ शेयरों का लेनदेन हुआ है। यह लेनदेन 440 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर हुआ है जिससे कुल सौदे का मूल्य 7,967.8 करोड़ रुपये हो सकता है। वेदांता लिमिटेड में प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी दिसंबर, 2022 में 69.68 प्रतिशत से घटकर मार्च, 2024 में 61.95 प्रतिशत रह गई है।

### फरवरी में 2615 करोड़ की हिस्सेदारी बेची थी

फरवरी में प्रवर्तकों ने 2,615 करोड़ रुपये में थोक सौदों के जरिये कुछ हिस्सेदारी बेची थी। प्रवक्ता ने कहा, 'मौजूदा हिस्सेदारी बिक्री अपने बही-खाते को कंपनी और भारत दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण रूप से हल्का करने की समूह की प्रतिबद्धता और रणनीतिक विकास योजनाओं का समर्थन करने की व्यापक पहल के अनुरूप है।'

# सोना 250 रुपए लुढ़का और चांदी में 900 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये के नुकसान के साथ 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव के मुकाबले 900 रुपये की गिरावट के साथ 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं।

## तीसरा 'इंडस-एक्स' निवेशक सम्मेलन सितंबर में होगा




**वाशिंगटन।** 'इंडस-एक्स निवेशक सम्मेलन' के तीसरे संस्करण का आयोजन सितंबर में सिलिकॉन वैली में किया जाएगा। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका के रक्षा विभाग और भारत के रक्षा मंत्रालय ने पिछले साल 21 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के दौरान 'इंडिया-यूएस डिफेंस एक्सीलरेशन इकोसिस्टम' (इंडस-एक्स) की शुरुआत की थी। 'इंडस-एक्स उन तरीकों में से एक है जिसके जरिए रक्षा विभाग दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों पर पहल को आगे बढ़ाने में मदद करता रहा है।

## कर्मचारियों को तीन महीने के बराबर राहत पैकेज दिया


# यस बैंक ने लागत कम करने की 500 कर्मचारियों की छंटनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंकों में से एक यस बैंक के कर्मचारियों के लिए एक बुरी खबर है। प्राइवेट सेक्टर के इस बैंक ने अपने सैंकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर दी है और उन्हें जाने का आदेश दे दिया है। कुछ खबरों में ऐसा दावा किया जा रहा है।

- बैंक आने वाले दिनों में और भी कर्मचारियों की छंटनी कर सकता है

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यस बैंक अपनी लागत को कम करने के उपायों पर गौर कर रहा है और इसके तहत बैंक ने छंटनी का सहारा लिया है। रिपोर्ट में मामले से जुड़े कई लोगों के हवाले से बताया गया है कि यस बैंक ने पुनर्संरचना के उपायों के तहत कम से कम 500 कर्मचारियों को काम से बाहर करने का आदेश दिया है। ऐसी आशंका है कि आने वाले दिनों में बैंक और भी कर्मचारियों की छंटनी कर सकता है।




### मल्टीनेशनल कंसल्टेंट के सुझाव पर छंटनी

बैंक ने लागत को कम करने के लिए एक मल्टीनेशनल कंसल्टेंट को काम पर रखा था। कंसल्टेंट के सुझाव के हिसाब से बैंक ने इंटरनल रिस्ट्रक्चरिंग का काम शुरू किया है। अभी बैंक ने 500 लोगों को काम छोड़कर जाने के लिए कहा है। आने वाले दिनों में छंटनी का दौर जारी रह सकता है और अतिरिक्त कर्मचारियों को भी बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

### इतनी बढ़ गई है बैंक की लागत

लागत को कम करने के लिए यस बैंक डिजिटल बैंकिंग पर ध्यान बढ़ा रहा है, ताकि मैनुअली हस्तक्षेप करने की जरूरत कम से कम हो। ऐसा करने से कर्मचारियों पर बैंक की निर्भरता कम होगी। बीते कुछ सालों में यस बैंक की लागत तेजी से बढ़ी है। सिर्फ पिछले वित्त वर्ष में लागत में लगभग 17 फीसदी तेजी आई है। बैंक का कर्मचारियों पर खर्च इस दौरान 12 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है।

### कर्मचारियों को मिली 3 महीने की सैलरी

काम से निकाले गए कर्मचारियों को बैंक ने 3 महीने की सैलरी के बराबर राहत पैकेज दिया है। बताया जा रहा है कि इस छंटनी का सबसे ज्यादा असर ब्रांच बैंकिंग पर होने वाला है क्योंकि सबसे ज्यादा कर्मचारी इसी सेगमेंट से बाहर किए गए हैं। हालांकि इस छंटनी का असर थोक बैंकिंग से लेकर खुदरा बैंकिंग तक लगभग सभी वर्टिकल पर हुआ है।

# अमेरिका में भीषण गर्मी से पिघली पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की मूर्ति

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में इन दिनों गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। गर्मी के बीच वाशिंगटन डीसी से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की छह फीट ऊंची मोम की प्रतिमा पिघल गई है। पिघल जाने की वजह से लिंकन की प्रतिमा का आकार पूरी तरह से बिगड़ गया है।

*अमेरिका के इलाकों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी की वजह से वॉशिंगटन डीसी में पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का मोम का स्टैच्यू पिघल गया है।*



### 38 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा

वॉशिंगटन डीसी में शनिवार को तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इस मूर्ति को अमेरिकी कलाकार सैंडी विलियम्स कश ने बनाया था। इस मूर्ति को इसी साल फरवरी में नॉर्थवेस्ट वाशिंगटन के स्कूल परिसर के बाहर स्थापित किया गया था। गर्मी में प्रतिमा पिघल जाने के बाद हमारे कर्मचारियों ने लिंकन के सिर को गिरने और टूटने से बचाने के लिए खुद से हटा दिया है।




### पाक में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार

पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में शनिवार से ही भीषण गर्मी पड़ रही है और बुधवार को लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया।

### स्कूल के बाहर लगाई गई थी प्रतिमा

वाशिंगटन डीसी के एक प्राइमरी स्कूल के बाहर अब्राहम लिंकन की मोम की मूर्ति लगाई गई थी। गर्मी की वजह से लिंकन की मूर्ति का सिर पिघल गया और धड़ से अलग हो गया। अब्राहम लिंकन की पिघल हुई मूर्तियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

### पाक में भीषण गर्मी से मचा हाहाकार

कराची। पाकिस्तान में हीटवेव के कारण हाहाकार मचा हुआ है। पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण पिछले चार दिनों में कम से कम 450 लोगों की मौत हो गई है। ईधी फाउंडेशन ने कहा कि बुधवार को छोड़कर पिछले चार दिनों में उसे कम से कम 427 शव मिले हैं।

### शव रखने के लिए जगह नहीं बची

फाउंडेशन के प्रमुख फैसल एधी ने कहा, 'कराची में हमारे चार शवगृह संचालित हैं और हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां हमारे शवगृहों में और शव रखने के लिए जगह नहीं बची है'।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में भारतीय दंपती को सजा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी दंपत्ति को अपने रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लाने और उसे तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई है। हरमनप्रीत सिंह (31) को अदालत ने 135 महीने (11.25 साल) और कुलबीर कौर (43) को 87 महीने (7.25 साल) की जेल की सजा सुनाई है।

### अलकायदाः चरमपंथियों को दोषी करार दिया




**हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय(आईसीसी) ने अलकायदा से जुड़े एक चरमपंथी इस्लामिक नेता को माली के टिम्बकटू में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष ने अल हसन अग,अब्दुल अजीज अग, मोहम्मद अग, महमूद पर 2012 में उत्तरी माली के ऐतिहासिक रेगिस्तानी शहर में विद्रोहियों के आतंकी शासन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था।

### कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी हथियार है जैवलिन

# भारत खरीदेगा रूस के छक्के छुड़ाने वाली अमेरिकी मिसाइल

*जैवलिन 46 राउड का हथियार कंधे से दागा जा सकता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई में सबसे ज्यादा जिस हथियार का इस्तेमाल किया है, जो है एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल, जिसने रूसी सेना के छक्के छुड़ाकर रख दिए हैं। कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी इस हथियार के भारत में बनने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ है। अगर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत कामयाब होती है, तो हो सकता है, कि एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल का निर्माण भारत में हो। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की हाल ही में भारत यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने एफजीएम-18 जैवलिन हथियार के संयुक्त उत्पादन के लिए कई प्रस्तावों पर चर्चा की है, जिसमें भारतीय सेना के लिए जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम शामिल है।





### एफजीएम-18 जैवलिन की खासियत

अमेरिका के डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन और अमेरिकी हथियार कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने एफजीएम-18 जैवलिन का निर्माण किया है और 46 पाउंड का यह हथियार कंधे से दागा जा सकता है। इस हथियार की सबसे बड़ी खासियत ये है, कि ये युद्ध के मैदान में किसी भी टैंक या मोबाइल वाहन को भेदने की क्षमता रखता है। यह हेलीकॉप्टरों को भी मार गिराने की क्षमता रखता है। भारतीय सेना करीब एक दशक से कंधे से दागे जाने वाले एटीजीएम हथियार की तलाश कर रही है। और यदि बातचीत आगे बढ़ती है, तो भारत में मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने के लिए, एक स्थानीय भागीदार की तलाश की जाएगी।

### मार गिराने में सक्षम जैवलिन

जैवलिन अपनी क्षमता का प्रदर्शन युद्ध में कर चुका है। जैवलिन दुश्मन को मार गिराने सक्षम है। अमेरिका ने यूक्रेन को 10,000 से ज्यदा जैवलिन सिस्टम की आपूर्ति की है। विशेषज्ञों का मानना है, कि इस हथियार ने यूक्रेन की पैदल सेना को, रूस की विनाशक मशीनी हथियारों को मार गिराने की अभूतपूर्व क्षमता दी है। अगस्त 2023 के अंत में, अमेरिकी रक्षा दिग्गज लॉकहीड मार्टिन ने कहा था, कि वह अमेरिकी रक्षा कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन के साथ मिलकर काम करते हुए, 2026 तक मौजूदा जैवलिन उत्पादन दर को 2,100 प्रति वर्ष से लगभग दोगुना करके 4,000 तक करने की योजना बना रहा है।

### भारत को है ऐसे हथियार की तलाश

भारतीय सेना अपने पूर्वी और पश्चिमी प्रतिद्वंद्वियों (चीन और पाकिस्तान) से मुकाबला करने के लिए अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जून 2023 में, भारत ने लाइसेंस-निर्मित बीएमपी-2/2के 'सारथ' इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स पर लगाए जाने वाले 5,000 फायर-एंड-फॉरगेट मिसाइलों और 500 लॉन्चर सिस्टम के अधिग्रहण के लिए एक फत्रक जारी किया।आरएफआई में कहा गया है, कि एटीजीएम में शीर्ष और प्रत्यक्ष हमले करने की क्षमता होनी चाहिए। उनकी लंबाई 1.25 मीटर से कम, वजन 25 किलोग्राम और 125 मिमी कैलिबर होना चाहिए।

### भारत कतर से 12 सेकंड हैंड मिराज फाइटर जेट खरीदेगा



दोहा। लड़ाकू विमान खरीदने को लेकर ये चर्चा शुक्रवार को दिल्ली में हुई है, जहां भारतीय अधिकारियों को कतर ने मिराज-2000 विमानों की वर्तमान स्थिति और ऑपरेशन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी है।

### भारत और कतर के संबंध अच्छे

कतर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है, जो 2023 में लगभग 11 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। भारत, कतर के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, खास तौर पर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक है।

### लड़ाकू विमान अच्छी स्थिति में

जानकारी के अनुसार लड़ाकू विमान बहुत अच्छी स्थिति में हैं, और उनका 80-85 प्रतिशत ऑपरेशनल लाइफ अभी भी बरकरार है। कतर ने कथित तौर पर 12 विमानों के लिए लगभग 600,000 डॉलर का प्रस्ताव दिया है, भारत अभी कीमत कम करवाने के लिए बातचीत करना चाह रहा है।

### सावधानी बरतने की दी सलाह




# केन्या में बिगड़ते हालातों के बीच भारत ने अपनों के लिए जारी की एडवाइजरी

**केन्या में हिंसक प्रदर्शन से हालात बिगड़े**

**भारतीय नागरिकों को विरोध-हिंसा से दूर रहने की सलाह दी**

एजेंसी ▶▶ नैरोबी

पूर्वी अफ्रीका देश केन्या के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। टैक्स बढ़ाने के विरोध में बवाल हिंसक हो चुका है। आक्रोशित भीड़ ने संसद तक में आग लगा दी। ऐसे तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर भारत ने अपने नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने की सलाह दी है। केन्या में हिंसक प्रदर्शन के बीच भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी की है। केन्या में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को वहां के भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने और स्थिति में सुधार होने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी।

### भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट किया

केन्या में भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को एक्स पर एडवाइजरी पोस्ट करते हुए कहा, वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए केन्या में सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही को प्रतिबंधित करने और स्थिति सुधरने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित इलाकों से बचने की सलाह दी जाती है।

### एक्ट में सिम कार्ड को लेकर कई कड़े प्रावधान किए

# दूरसंचार विधेयक लागू, तीन साल की जेल का है प्रावधान

*सिम कार्ड फ्रॉड करने पर तीन साल की होगी जेल*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26 जून से दूरसंचार अधिनियम 2023, आंशिक रूप से लागू होने जा रहा है। आंशिक रूप से मतलब ये है कि इस कानून की कुछ धाराओं के नियम लागू हो जाएंगे। दूरसंचार अधिनियम 2023 मौजूदा भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम (1885), वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम (1933) और टेलीग्राफ वायर (अवैध कब्जा) अधिनियम (1950) के पुराने विनियामक ढांचे की जगह लेगा। आज से अधिनियम की धारा 1, 2, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 के प्रावधान भी लागू हो जाएंगे।



### विधेयक 2023 की खास बातें

फर्जी सिम कार्ड जारी करने पर रोक लगाने के लिए बिल में सख्त प्रावधान हैं। किसी भी तरह के सिम कार्ड फ्रॉड करने पर तीन साल की जेल और जुर्माना लगेगा। बिल के तहत फर्जी सिम कार्ड बेचने, खरीदने और इस्तेमाल करने पर भी तीन साल तक की जेल या 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

### डीएनडी को लेकर कड़े कानून

यदि कोई यूजर डीएनडी सर्विस को ऑन रखता है तो उसके पास इस तरह के मैसेज या कॉल नहीं जाने चाहिए और यदि नियम का उल्लंघन होता है तो कार्रवाई होगी। जो ग्राहकों की प्राथमिकताओं के आधार पर वाणिज्यिक संदेशों पर दूरसंचार नियामक भारतीय दूरसंचार विनियम प्राधिकरण (ट्राई) के नियमों का उल्लंघन करते हैं।

### सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान तेज किया

# जम्मू के डोडा में चल रही मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

*खूफिया सूचना के आधार पर सेना ने घेराबंदी शुरू की*



एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों से साथ जारी मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। जिले के गनदोह इलाके के बजाद गांव में सुबह 9.50 बजे के करीब मुठभेड़ शुरू हुई। एक अधिकारी ने कहा, "गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना ने एक घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया।

### पहले घायल हुए थे सात जवान

गौरतलब है कि 11 जून को चत्तरगल्ला में एक चेक पोस्ट पर आतंकवादियों के हमले में 6 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे, जबकि अगले दिन गंडोह क्षेत्र के कोटा टॉप पर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया था। इन दोहरे हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया और जिले में घुसपैठ कर सक्रिय 4 पाकिस्तानी आतंकवादियों पर 5-5 लाख रुपए का नकद इनाम घोषित कर दिया।

### 11 और 12 को डोडा में हुआ था आतंकी

डोडा जिले में 11 और 12 जून को दो आतंकवादी हमले हुए थे। सुरक्षा बलों ने जम्मू डिविजन के डोडा, रियासी, पुंछ, राजौरी और किश्तवाड़ जिलों में कथित तौर पर सक्रिय करीब 70 विदेशी आतंकवादियों के खिलाफ व्यापक रणनीति तैयार की है।

### नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

# झारखंड से प्राचार्य को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ रांची

सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में जांच तेज कर दी है। दिल्ली सीबीआई की एक टीम बुधवार को मामले की जांच करने के लिए झारखंड के हजारीबाग पहुंची।

सीबीआई की जांच टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल पहुंची और प्रिंसिपल से पूछताछ के बाद उसे उठा लिया। सीबीआई की टीम प्रिंसिपल को साथ लेकर गई है। हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक नीट के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सीबीआई की जांच टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और नीट के सिटी कोऑर्डिनेटर एहसानुल हक को लेकर पहले स्कूल पहुंची। इस के बाद मौके का मुआयना किया।




### हजारीबाग से भी लीक हुए थे प्रश्नपत्र

बिहार ईओयू की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि पटना में मिले प्रश्नपत्र हजारीबाग से ही लीक हुए थे। सीबीआई ने इस मामले में मंगलवार को भी स्थानीय टीम से बात की थी। जानकारी के मुताबिक नीट पेपर लीक की जांच कर रहे सीबीआई जांचकर्ताओं ने मंगलवार को पटना में शास्त्री नगर थाने के अधिकारियों से मुलाकात की थी। इसी थाने में पिछले महीने की शुरुआत में इस मामले के संबंध में पहला मामला दर्ज किया था।

### इजराइल द्वारा लिया गया संकल्प गाजा के लिए बना मुसीबत का कारण

# इजराइल की नई चेतावनी, जल्द गाजा में हमास शासन का होगा खात्मा

एजेंसी ▶▶ जेरूसलम

हमास और इजराइल खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, इजराइल अपने लक्ष्य पर डटा हुआ है। उसका कहना है कि वह जल्द ही उत्तरी गाजा में हमास शासन को बदलने की



- हमास ने इजराइली शहरों में 5 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे थे

### इजराइली सेना हमास के सदस्यों को खत्म करेगी

इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने बताया रीचमैन विश्वविद्यालय के वार्षिक हर्जलिया सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमास की शासन करने की क्षमता को खत्म करने से उन देशों के लिए अवसर खुलेंगे, जो गाजा में सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में जो नया नेतृत्व होगा, उसमें इजराइल के अब्राहम समझौते के साझेदार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र शामिल होंगे। वहीं इजरायली सेना हमास के सदस्यों को ढूंढ-ढूंढ कर खत्म करना जारी रखेगी।

### अब यह नई योजना

हानेग्बी ने कहा, 'हम लंबे समय से इस योजना के बारे में बात कर रहे हैं। मगर तब हमारी कोशिश थी कि हमास को पूरी तरह से खत्म करना। हालांकि अब हमें इसके पूरी तरह से खत्म होने की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। उस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है। इसलिए अब हमारी यही योजना है और इस पर अमेरिका भी सहमत हैं।

### आठ माह से जारी है जंग

हमास ने सात अक्तूबर को इजरायली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इजरायल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजरायल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है। फलस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में कम से कम 549 फलस्तीनियों

# बीकानेर में फेंका धड़ और जोधपुर में सिर

*लिव इन पार्टनर के साथ किया दोस्त का कत्ल*

एजेंसी ▶▶ जयपुर

बीकानेर में 15 जून को मिली एक महिला की सिर कटी लाश मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. बीकानेर एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बीकानेर पुलिस ने हत्या में शामिल विकास मान ओर उसकी लिवइन पार्टनर संगीता को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महिला आरोपी संगीता की दोस्त थी। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उसने हत्या करने के बाद महिला का सिर और हाथ बोरे में डाल कर जोधपुर लेकर आए थे और रातानाडा क्षेत्र से निकलने वाले नाले में डाल दिया। इसके बाद बीकानेर पुलिस आरोपी को साथ लेकर जोधपुर आई।



### आरोपी को बड़ी बहन मानती थी मुस्कान

आरोपियों ने बताया कि गला दबाकर मुस्कान की हत्या कर दी। फिर शव को काटकर धड़ बीकानेर में फेंका और सिर और हाथ जोधपुर शहर के एक नाले में फेंक दिया था। बताया जाता है कि मृतका मुस्कान को विकास और संगीता का लिव इन में रहना पसंद नहीं था। फिर भी मुस्कान हमेशा संगीता को अपनी बड़ी बहन मानती थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)